चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 183 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 दिसंबर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7



## इतिहास मेरे प्रति उदार रहेगा...

### डॉ.मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल होगा पीएम मोदी भी घर पहुंचे, कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन को रखी जाएगी पार्थिव देह

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुबह पीएम नरेंद्र मोदी ने डा सिंह के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी देर रात बेंगलुरू से दिल्ली पहुंचकर उनके घर गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। डॉ.सिंह का कल रात उम्रगत समस्याओं के चलते एम्स में निधन हुआ है। उनका अंतिम संस्कार कल राजघाट के समीप किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मनमोहन सिंह की बेटी आज देर रात तक भारत पहुंच रही हैं। कल उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर रखा जाएगा। आम लोग पूर्व पीएम के अंतिम दर्शन कर सकेंगे। कांग्रेस मुख्यालय से ही मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएगा। आज पीएम मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पूर्व पीएम के आवास पर मौजूद रहे। डा सिंह के निधन के चलते केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है शुक्रवार को होने वाले सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। उधर कर्नाटक के बेलगावी में



चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिनी मीटिंग भी रद्द कर दी गई। कांग्रेस स्थापना दिवस से जुड़े आयोजन भी कैंसिल हो गए हैं। पार्टी के इवेंट 3 जनवरी के बाद शुरू होंगे।

### न जाने कितने सवालों की आबरू रखी...

उल्लेखनीय है कि डा सिंह ने एक बार मशहूर शेर पढ़कर अपनी आलोचनाओं का सटीक उत्तर दिया था। उन्होंने कहा था- हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। 2014 में पीएम की आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में मनमोहन ने 62 अनस्क्रिप्टेड सवालों के जवाब दिए थे और तब खुद की आलोचना को लेकर कहा था कि उन्हें 'कमजोर प्रधानमंत्री' कहा जाता है, लेकिन मीडिया की तुलना में इतिहास उनके प्रति अधिक उदार रहेगा।

### शिवराज बोले-एक फोन पर टूटा उपवास

पूर्व सीएम व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने डा सिंह से जुड़े संस्मरण को साझा करते कहा है कि - पहले पाला को राष्ट्रीय आपदा नहीं माना जाता था। यह विषय मैंने प्रधानमंत्री डा सिंह के समक्ष रखा तो उन्होंने एक कमेटी बनाई और प्रणब मुखर्जी शरद पवार के साथ मुझे भी उसमें स्थान दिया। अंततः कमेटी ने पाला को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया। शिवराज ने कहा कि वे सदैव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्यों को हरसंभव सहयोग देते रहे। एक बार मैं मध्यप्रदेश में किसानों की समस्या को लेकर उपवास पर बैठा तो यह उनका बड़प्पन था कि उन्होंने फोन पर तुरंत उपवास तोड़ने को कहा और समस्या के निवारण का आश्वासन दिया।

### मेरी गड्डी तो वही है...

उप्र की योगी सरकार में राज्यमंत्री असीम अरुण ने लिखा है कि मैं 04 से लगभग तीन साल मनमोहन सिंह बॉडी गार्ड रहा। एसपीजी में पीएम की सुरक्षा का सबसे अंदरुनी घेरा होता है - क्लोज़ प्रोटेक्शन टीम, जिसका नेतृत्व मैंने किया। ऐसे में उनके साथ उनकी परछाई की तरह रहने की जिम्मेदारी मेरी थी। डॉ साहब की अपनी एक ही कार थी - मारुति 800, जो पीएम हाउस में चमचमाती काली बीएमडब्ल्यू के पीछे खड़ी रहती थी। मनमोहन सिंह बार-बार मुझे कहते थे - असीम, मुझे इस कार में चलना पसंद नहीं, मेरी गड्डी तो यह है (मारुति)। तब मैं समझाता कि सर यह गाड़ी आपके एश्वर्य लिए नहीं है,बल्कि इसके सिक्योरिटी फीचर्स ऐसे हैं जिसके लिए एसपीजी ने इसे लिया है लेकिन जब कारकेड मारुति के सामने से निकलता तो वे हमेशा मन भर उसे देखते थे। जैसे संकल्प दोहरा रहे हो कि मैं मिडिल क्लास व्यक्ति हूं और आम आदमी की चिंता करना मेरा काम है।

## निशाने पर निवेशः भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में दस्तावेजों की तलाश

# अब ईडी ने पूर्व कांस्टेबल के ठिकानों पर छापेमारी की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल व मौजूदा दौर के कारोबारी माने जाने वाले सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज छापेमारी की है। ईडी के अधिकारी आज सुबह एक साथ तीनों शहरों में सौरभ के ठिकानों पर पहुंचे हैं। इस रेड में कई अहम दस्तावेज मिले हैं और इन्हें खंगाला जा रहा है। यह मामला लोकायुक्त की रेड से खुला था और इसमें 23 दिसंबर को ईडी की एंट्री हुई थी। ईडी ने सौरभ और उसके सहयोगी चेतन गौर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। वहीं, लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा समेत 5 लोगों को समन जारी किया है।

जानकार सूत्रों की मानें तो जबलपुर में सौरभ शर्मा के ससुराल में ईडी निवेश के कागज खंगाल रही है। बताया जाता है कि उसने अपनी पत्नी दिव्या के भाई शुभम तिवारी के नाम से करोड़ों का निवेश किया है। इसके अलावा दोस्त चेतन सिंह गौर और बहनोई रोहित तिवारी के नाम भी निवेश का पता चला है। ईडी की टीम इसकी पड़ताल में जुटी है। गौर ने 2012 में अविरल कंस्ट्रक्शन कंपनी बनाई थी। इसमें शरद जायसवाल डायरेक्टर और रोहित तिवारी एडिशनल डायरेक्टर बनाए गए हैं।

आयकर विभाग के अधिकारियों की नजर अब भोपाल के शाहपुरा बी-सेक्टर में 20 हजार वर्गफीट जमीन पर बन रहे जयपुरिया स्कूल पर भी है। इसमें अघोषित आय के उपयोग का संदेह है। इस स्कूल का निर्माण कराने वाली समिति में सौरभ के करीबी चेतन गौर और स्वजन के नाम हैं। ऐसे में, आयकर विभाग यह पता करने की कोशिश कर रहा है कि स्कूल बनाने में कितनी राशि खर्च की जा रही थी। यह राशि कहां से आई। समिति की भूमिका क्या है। स्कूल के निर्माण के लिए यदि अधिकारियों ने नियम विरुद्ध अनुमति दी है तो उनसे भी पूछताछ की जाएगी।




### अफसरों से भी होगी पूछताछ !

माना जा रहा है कि उन अधिकारियों से भी पूछताछ हो सकती है जिनका नाम बरामद डायरी में मिला है। यह डायरी उस कार मिली थी, जिसमें 54 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ रुपये नकद रखे थे। आयकर अधिकारियों ने नकदी, सोना और कार में मौजूद अन्य सामग्री जब्त की थी। डायरी में आरटीओ, परिवहन चेक पोस्ट के अधिकारियों और कुछ नेताओं के नाम भी बताए जा रहे हैं। इस आधार पर 50 से भी अधिक अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस देकर बयान देने के लिए बुलाया जा सकता है। उधर सौरभ शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका भोपाल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने खारिज कर दी है। सौरभ ने अपने वकील राकेश पाराशर के जरिए अग्रिम जमानत याचिका फाइल की थी। इसमें आरोपी के लोकसेवक न होने पर अग्रिम जमानत का लाभ मांगा था।

## अगले दो दिन आंधी-ओले का दौर, फिर ठंड का जोर




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र में अब अगले दो दिन यानी ओले, बारिश और आंधी का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। इस दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और जबलपुर संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोन सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, हवा का असर भी है। इसका असर अगले दो दिन रहेगा। 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो जाएगा। फिर टेम्प्रेचर में गिरावट होगी तथा वहीं, कोहरा भी छाएगा।अभी तापमान में बढोतरी हुई है और तीखी ठंड से राहत मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को आंधी, बारिश और ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम रहेगा। रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, पांढुर्णा और बड़वानी में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। यहां पचास किमी की गति से हवा चलेगी। यहां ऑरेंज अलर्ट है। अन्य जिलों में कहीं बारिश तो कहीं गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।

## अयोध्या में पुजारियों के लिए ड्रेस कोड

**अयोध्या।** रामलला के पुजारी अब पीतांबरी धारण कर रामलला की नित्य पूजा-अर्चना करेंगे। पुजारियों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। पुजारी पीली चौबंदी व सफेद धोती धारण करेंगे। ट्रस्ट की ओर से सभी पुजारियों को दो-दो सेट ड्रेस भी उपलब्ध करवाई गई है। राममंदिर में मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास समेत कुल 14 पुजारी कार्यरत हैं। पुजारियों के मल्टीमीडिया फोन इस्तेमाल करने पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। सभी पुजारियों के लिए अब ड्रेस कोड भी लागू कर दिया गया है। अभी तक पुजारी अलग-अलग ड्रेस में आते थे। राम मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए 14 पुजारियों की ड्यूटी सात-सात पुजारियों को दो ग्रुप में बांटकर लगाई गई है। राममंदिर ट्रस्ट के इस कदम से राम मंदिर के पुजारियों की पहचान आसान हो जाएगी। पुजारियों को चौबंदी, धोती, कुर्ता और सिर पर पीले रंग की पगड़ी निर्धारित की गई है।

## डब्ल्यूएचओ चीफ एयर स्ट्राइक में बाल-बाल बचे

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरेक्टर-जनरल टेड्रोस एडनॉम यमन के सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इजरायल की एयर स्ट्राइक में बाल-बाल बच गए हैं। हमले में करीब दो लोगों की मौत की खबर सामने आई है। डॉ. टेड्रोस अपने संयुक्त राष्ट्र और संगठन सहयोगियों के साथ एक फ्लाइट में सवार होने वाले थे और इसी वक्त हमला हो गया। इस दौरान फ्लाइट क्रू मेंबर्स चालक का एक सदस्य घायल हो गया। एडनॉम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूएन स्टाफ बंदियों की रिहाई के लिए बातचीत करने, यमन में स्वास्थ्य और मानवीय स्थिति का आकलन करने का हमारा मिशन आज खत्म हो गया।




## कोच के नीचे 250 किमी का सफर किया, युवक को पकड़ा

**जबलपुर, एजेंसी**

एक युवक ट्रेन के पहिए के बीच सफर करते पकड़ा गया है।उसने इटारसी से जबलपुर तक 250 किमी की दूरी ऐसे ही तय की। दानापुर एक्सप्रेस जब आउटर पर पहुंची तो रेलवे कर्मचारियों को जांच के दौरान वह एस-4 कोच के नीचे छिपा मिला। पूछताछ में उसने कहा कि मेरे पास टिकट के पैसे नहीं थे। जांच के दौरान रेलवे कर्मचारियों की नजर कोच के नीचे लेटे एक युवक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत वायरलेस के जरिए लोको पायलट को सूचना दी और ट्रेन रुकवाई गई। इसके बाद कर्मचारियों ने ट्रॉली में छिपे उस व्यक्ति को बाहर निकाला।कैरिज एंड वैगन विभाग (एसीएंडडब्ल्यू) के कर्मचारियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि युवक कौन है और कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच आरपीएफ पुलिस को सौंपी गई है।



## जंगल की जमीन पर खेती-खुदाई

# अतिक्रमण हटाने जंगल में उतरे अफसर एक हजार एकड़ पर कब्जा हटाया




**खंडवा, एजेंसी**

वन विभाग ने जंगल को बचाने के लिये खंडवा में अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की है। पहले दिन देर रात तक की कार्रवाई में नाहरमाल, हीरापुर व टाकलखेड़ा में एक हजार एकड़ जंगल की जमीन मुक्त कराई गई। 50 जेसीबी से फसलें हटाकर 4 फीट गहरे व 5 फीट लंबे गड्ढे खोदे गए। इस दौरान 450 सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहे, इस कारण अतिक्रमणकारी डर के चलते गायब रहे। वन अमले के साथ कलेक्टर, एसपी और प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। अफसरों ने बताया सभी को नोटिस दिए गए थे। बावजूद उन्होंने फसल नहीं काटी, बल्कि खाली जमीन पर बुवाई कर दी।

बताया जाता है कि बरसो से स्थानीय लोगों ने अफसरों को को बताया कि कुख्यात अतिक्रमणकारी हीरापुर व कुमठा इलाके में रहते हैं। उन्होंने वन भूमि की 100-100 एकड़ जमीन कब्जे में ले रखी है। सबसे पहले वहां कार्रवाई करें। इस पर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया कि कार्रवाई सभी जगह होगी। कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कब्जाधारियों से कहा कि इस क्षेत्र को फिर से वन बनाने के लिए बीज फेंके जाएंगे। 13 दिसंबर 2005 के पहले जो वन क्षेत्र में काबिज वह जीवन यापन के लिए दावा कर सकते हैं। उसके बाद के कब्जाधारी अधिकारी नहीं होंगे। इसलिए बार-बार जमीन पर कब्जा करना छोड़े।

### निजी संस्थाओं से एमओयू करेगी सरकार

# नई पहल: विद्यार्थियों को बेहतर कंटेट उपलब्ध कराने की कवायद



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार अब निजी संस्थाओं से एमओयू साइन करेगी। प्रयास यही है कि विद्यार्थियों को बेहतर कंटेट मिले। वहीं खेल-खेल में पढ़ाई का भी प्रयास है, जिससे बच्चों को शिक्षा बोझ न बने। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विचार किया गया। सरकार नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में सुधार कर रही है। इसके क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में 13 समितियों का गठन किया गया। शिक्षकों की कमी से जूझ रही सरकार करीब 50 हजार भर्ती कर चुकी है। लेकिन अभी भी सैकड़ों स्कूल अतिथियों के हवाले हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में 6 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक ही हैं।

**अभी ऐसे किए प्रयास:** प्रदेश में एनईपी लागू होने के बाद अब तक 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के साथ ही डिजिटल टीचर्स ट्रेनिंग प्लेटफार्म पर 3 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में कक्षा-1 से 8 तक के 2050 सरकारी स्कूलों की 4100 कक्षाओं को स्मार्ट क्लॉस के रूप में बदला जा रहा है। प्रदेश में करीब 2 लाख शिक्षकों की क्षमता वृद्धि के लिये टेबलेट की राशि उपलब्ध कराई गई है।

### छात्रों को कॅरियर और इनोवेशन का मिलेगा नया मंच

## बीयू में एकेडमिक-इंडस्ट्रियल मीट, ९० से अधिक कंपनियां होंगी शामिल



**भोपाल।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) में जल्द ही एक महत्वपूर्ण एकेडमिक-इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं से परिचित कराना और उनके करियर को नई दिशा देना है। इस मीट में 90 से अधिक प्रतिष्ठित उद्योग और कंपनियां भाग लेंगी, जो छात्रों और विश्वविद्यालय के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेंगी। इस कार्यक्रम की खासबात यह है कि इसमें केवल विश्वविद्यालय के ही नहीं बल्कि कॉलेज के विद्यार्थी भी हिस्सा लें सकेंगे। यह मीट न केवल छात्रों को उद्योगों की मांग और चुनौतियों को समझने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें विशेषज्ञों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करने का मौका भी मिलेगा। इसके माध्यम से छात्र अपनी शैक्षणिक परियोजनाओं को इंडस्ट्री के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे और रोजगार के नए अवसर तलाश पाएंगे।

**इनोवेशन और उद्योगों का संगम:** एकेडमिक-इंडस्ट्रियल मीट के दौरान विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियों और पैनल डिस्कशन का भी आयोजन होगा। एकेडमिक-इंडस्ट्रियल मीट में इस बार करीब 100 प्रतिष्ठित उद्योग और कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ ही कॉलेज के चयनित विद्यार्थियों को भी इस मीट में शामिल होने का मौका मिलेगा।

## एनटीसीए सहमत लेकिन केंद्र की हां के बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा को दिए जाएंगे बाघ

**भोपाल. एजेंसी**



राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा को बाघ दिए जाने की सहमति दे दी है, लेकिन केंद्र से अभी हरी झंडी नहीं मिली है। जब तक केंद्र न कह दे तब तक मप्र इन राज्यों को अपने बाघ नहीं देगा। असल में मप्र टाइगर रिजर्व है और यहां के बाघों की सभी राज्यों में मांग है। ऐसे राज्य केंद्र के पास ज्यादा डिमांड भेज रहे हैं। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान व ओडिशा ने भी यही किया था। इन्होंने सबसे पहले केंद्र के एनटीसीए से ही मप्र के बाघ दिए जाने की मांग की थी। जिसके बाद एनटीसीए ने सहमति दे दी है। केंद्र से यह प्रस्ताव मप्र सरकार के पास आया था जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने तत्काल सहमति दे दी है। अब केंद्र के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हां के बाद बाघ दिए जाने संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि तीनों राज्यों को 15 बाघ दिए जाएंगे। ये सभी वाइल्ड होंगे। राजस्थान को 4 मादा बाघ, उड़ीसा को एक नर व 2 मादा बाघ और छत्तीसगढ़ को 2 नर एवं 6 मादा बाघ भेजे जाएंगे। ये बाघ बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से भेजे जाएंगे। ये शिफ्टिंग विशेषज्ञों की निगरानी में होगी। राजस्थान व छत्तीसगढ़ द्वारा बाघ मांगे जाने के प्रस्ताव को पूर्व में सरकार ने लौटा दिया था। सूत्रों के मुताबिक वन बल प्रमुख की ओर से चार महीने पहले दोनों राज्यों को बाघ दिए जाने संबंधी सहमति के लिए प्रस्ताव भेजा था, जो एसीएस वन तक पहुंचा और कमियों का हवाला देकर यहीं से वन भवन को लौटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक केंद्र ने दूसरे राज्यों को बाघ दिए जाने संबंधी प्रस्तावों पर मप्र से अभिमत मांगा है। यह प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी की ओर से दिया जाना है। बताया जा रहा है कि अभिमत केंद्र को भेज दिया है। अब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अभिमत पर विचार करेगा, उसके बाद बाघ शिफ्टिंग का रास्ता साफ होगा।

## नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के आरोपियों को आजीवन कारावास

### कोर्ट ने आरोपियों पर 14-14 हजार का जुर्माना भी लगाया है

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

15 साल की नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले तीन आरोपियों को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर न्यायालय ने अलग-अलग धाराओं में 14-14 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला पवन कुमार बांदिल, अपर सत्र न्यायाधीश बैरसिया, जिला भोपाल की अदालत ने सुनाया है। लोक अभियोजक के अनुसार, कोर्ट ने प्रकरण में आरोपी संकेत उर्फ शैतान सिंह लोधी, दीपक लोधी तथा लीला किशन लोधी को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक, बैरसिया आशीष तिवारी द्वारा की गई।

### यह है पूरा मामला

लोक अभियोजक के अनुसार, जिला रायसेन निवासी 15 वर्षीय किशोरी अपनी बडी बहन के घर मेहमानी करने के लिए गई थी। उसी दौरान 8. सितंबर 2021 को उसकी बडी बहन की तबियत खराब होने के कारण उसके जीजा ने पीड़िता की बडी बहन को हमीदिया अस्पताल में भर्ती किया था, जहां पर उसका ईलाज चल रहा था। पीड़िता के जीजा भी बडी बहन के साथ अस्पताल में थे। इस दौरान घर पर पीड़िता एवं उसके जीजा के बडे भाई की 9 वर्ष की बेटी घर पर अकेले थे। 12 सितंबर 2021 को रात को लगभग 9 बजे आरोपी शैतान सिंह लोधी, दीपक लोधी तथा लीलाकिशन लोधी ने पीड़िता के घर का दरवाजा खटखटाया, तो 9 वर्षीय लडकी ने दरवाजा खोल दिया। तभी तीनों आरोपी घर के अंदर आ गए और घर के अंदर आकर 15 वर्षीय किशोरी के साथ तीनों आरोपियों

### घटना के दौरान आरोपी ने बनाया वीडियो

घटना के दौरान आरोपी लीलाकिशन ने पीिता का मोबाईल से वीडियो भी बनाया। आरोपी शैतानसिंह ने घटना के समय 9 वर्षीय लडकी के साथ बुरी नियत से छेडछाड भी की। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता से कहा कि अगर उक?त बात किसी को बतायी तो जान से खत?म कर देगें। इसके बाद आरोपी चले गए। घटना के अगले दिन पी?िता अपने पिता के साथ अपने घर जिला रायसेन चली गयी एवं घर जाकर अपने माता-पिता को घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## कपड़ा व्यापारियों में विवाद, चले पत्थर

### गणेश टेक्सटाइल्स और कृष्णा साड़ी के संचालक-कर्मचारी भिड़े



**हिरदाराम नगर.** संतनगर में गुरूवार को मेन रोड पर दो कपड़ा व्यापारियों एवं उनके कर्मचारियों में विवाद हो गया। दोनों ओर से एक दूसरे पर पत्थर फेंके गए। कपड़ा संघ के हस्तक्षेप के बाद सुलह हुई। बैरागढ़ के मुख्य मार्ग पर गणेश टेक्सटाइल्स और कृष्णा साड़ी दो दुकानें हैं। गुरूवार सुबह कृष्णा साड़ी के स्टॉप ने गणेश टेक्सटाइल्स के सामने खड़े ऑटो चालक से गाली गलौच की। जिस पर गणेश टेक्सटाइल्स के संचालक कमल वाधवानी ने आपत्ति ली। उन्होंने कहा दुकान के सामने गाली गलौच करना और दुकान के सामने ग्राहकों को बुलाना ठीक नहीं है। वाधवानी अपनी बात कर रही थे, तभी कृष्णा साड़ी के नरेश और उनके स्टॉप ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद गणेश टेक्सटाइल्स के कर्मचारियों ने भी पत्थर फेंका शुरू कर दिया। व्यापारी कृष्णा साड़ी के संचालक नरेश और उसके कर्मचारियों पर मामला दर्ज कराने के लिए थाने पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच थाने में भी बहस हुई। मामला दर्ज होता, उससे पहले दोनों पक्षों में सुलह हो गई और कृष्णा साड़ी के संचालक नरेश ने लिखकर माफी मांगी।

## 12वीं के विद्यार्थी 31 दिसंबर तक करा सकेंगे त्रुटि सुधार, देने होंगे 500 रुपए

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं 25 व 274 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षाओं को लेकर माशिमं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इधर 12वीं के विद्यार्थियों को 31 दिसंबर तक त्रुटि सुधार के लिए समय दिया गया हैं। हालांकि विद्यार्थियों को प्रति विषय त्रुटि सुधार के लिए 500 रुपये देने होंगे। माशिमं ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि विद्यार्थी ने जो विषय 11वीं में लिया है, उसी विषय को 12वीं में लेगा। अगर किसी विद्यार्थी को 11वीं में कोई विषय कठिन लगता है तो भी वह 12वीं में नहीं बदल सकता है। अगर 12वीं के परीक्षा फार्म में स्कूल की ओर से गलती से विषय बदल गया हो तो ही त्रुटि सुधार शुल्क जमा कर किया जाएगा। हालांकि, तीन साल पहले तक माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 12वीं में संकाय बदलने की सुविधा दी जाती थी। पिछले साल भी कुछ विशेष प्रकरणों में विषय बदलने की सुविधा दी गई, लेकिन अब मंडल ने पूरी तरह से इस पर रोक लगा दी है। संबंधित संस्था प्राचार्य को त्रुटि सुधार के साथ एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर संबंधित छात्र की कक्षा 11वीं में उत्तीर्ण की अंकसूची एवं इस आशय का घोषणा-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने देश की माटी के लिए दी थी अपनी जान

### - वीर बाल दिवस पर गुरूनानक मंडल का कार्यक्रम, युवाओं ने देखी साहिबजादों की वीर गाथा



**हिरदाराम नगर.** 10वें सिख गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर ईदगाह हिल्स गुरुनानक टेकरी स्थित गुरुद्वारा, गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुनानक मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने 1000 से अधिक बच्चों के साथ साहिबजादों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एवं उनके त्याग, बलिदान एवं समर्पण पर आधारित चलचित्र का अवलोकन किया। सांसद ने कहा युगों युगों से यही हमारी बनी हुई परिपाटी है, खून दिया है मगर नहीं दी कभी देश की माटी है, वीर बाल दिवस हमें उन बच्चों की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें उनकी वीरता और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि वीर साहिबजादों का बलिदान हमारी नई पीढ़ी को भी जानना बहुत जरूरी जरूरी है, इस अवसर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष सरदार परमवीर सिंह, पूर्व पार्षद महेश मकवाना उपस्थित रहे।

## धर्म की रक्षा के लिए प्राणोत्कर्ष करने वाले साहिबजादों को नमन किया

### संतनगर में विधायक हजारों बच्चों के साथ देखा पीएम का संवाद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



हजारों युवाओं और बच्चों के साथ वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों को नमन किया गया। संतनगर में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्राण जाए पर धर्म न जाए, ये सीख अगर किसी ने दी तो वो गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादें हैं। उपनगर के खेल मैदान पर वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया, जिसमें हजारों नागरिकों लोगों ने धर्म की रक्षा के लिए प्राणोत्कर्ष करने वाले साहिबजादों के बलिदान को याद कर नमन किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा। विधायक शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि - अपने धर्म पर अडिग रहने वाले साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने जब इस्लाम कुबूल करने के स्थान पर स्वयं को दीवार में चुनवाने का फैसला किया तब उनकी उम्र केवल 7 एवं 9 साल थी। इतनी कम उम्र में भी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान से हर युवा को सीख लेनी चाहिए। देश और धर्म के लिए अपने परिवार का बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार से बड़ा बलिदानी परिवार पूरी दुनिया में देखने को नहीं मिलता। सनातन का केसरिया केवल गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान की वजह से फहरा रहा है। हम उन्हें नमन करते हैं।

**संस्कार के बच्चे हुए शामिल:** संस्कार विद्यालय में ''वीर बाल दिवस'' पर विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से गुरू गोबिंद सिंह के चार साहिबजादे की कहानी को दिखाया गया। उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास की जानकारी देना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने दशहरा मैदान पर आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

**मेट्रो एंकर**

### साधु वासवानी स्कूल में 60वीं वार्षिक रामधुनी समापन

## परमसत्ता से जुड़ने का माध्यम है रामधुन: सिद्धभाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल प्रांगण में गुरूवार को 60वीं वार्षिक अखण्ड रामधुनी का भोग साहिब किया गया। संतजी के उत्तराधिकारी सिद्धभाऊजी ने राम नाम की धुनी घर में लगाने से घर मंदिर बन जाता है व आनंद की अनुभूति होती है की सीख दी। भाऊजी ने कहा कि रामधुनी उस परम सत्ता से जुड़ने का एक माध्यम है मन, वचन कर्म से सेवा करने वालों को फल अवश्य प्राप्त होगा यह रामधुनी केवल सात दिन नहीं वरन रोज लगानी चाहिए इससे घर में सुख शांति होती है व दुःख-दर्द कलेश हमसे कोसो दूर रहते हैं लोक परलोक को सुधारना है तो प्रतिदिन रामधुनी लगाए और बच्चों को भी रामधुनी लगाने हेतु प्रेरित करें इससे उनके मन को शांति मिलेगी और अच्छे संस्कारों की प्राप्ति होगी। समापन अवसर पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के डायरेक्टर समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि संतजी की कृपा दृष्टि से मुझे सेवा कार्य करने का मौका मिला है सेवा दिल से करनी चाहिए अहंकार भाव से नहीं। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी कहा कि साधु वासवानी विद्यालय में अखंड रामधुन लगायी जाती है रामधुन लगाने से यह स्थान पवित्र हो गया है। समाजसेवी राजू भाई ने कहा कि संतजी ने सीख दी थी कि जप, त,प सेवा करें पर अहंकार कभी न करें क्योंकि अहंकार न करने से व संयम रखने से गुरु नानक देव जी हमें इसी जन्म में दर्शन देते हैं। रामधुनी के संचालक अनिल चोटरानी ने रामधुनी में शामिल होने और सहयोग करने वालों का आभार जताया।

### कपड़ा व्यापारियों ने दिए ढाई लाख

थोक कपड़ा व्यापारी संघ एवं हैप्पी ग्रुप ने अखंड रामधुन में सेवा कार्यों के लिए दो लाख 51 हजार की राशि भेंट की है। यह घोषणा कि गई है, अगले साल साल 3 लाख 51 हजार की राशि सेवा कार्यों के लिए दी जाएगी।



## संतनगर के विद्यालयों में वीर बाल दिवस पर हुए आयोजन

**हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के विद्यालयों में वीर बाल दिवस मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह जी के साहसिक सुपुत्रों की शहादत को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहसी पुत्रों, 9 वर्षीय साहिबजादा जोरावर सिंह और 7 वर्षीय साहिबजादा फतेह सिंह की अप्रतिम वीरता, बलिदान और साहस को याद किया गया। विद्यालय की शिक्षिका दुर्गा मिश्रा ने कहा, ÷जैसे गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया, वैसे ही हमें भी अपने कर्तव्यों और मूल्यों के लिए तत्पर रहना चाहिए।÷ विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। बाल वीर दिवस पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। अध्यापिका वीना जेसवानी ने वीर बालकों की प्रेरक गाथा से अवगत कराया। प्राचार्याअमृता मोटवानी ने वीर बाल जांबाजों के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# अनेक क्षेत्रों में हब बनाने पर हुआ गंभीर विमर्श, अब अगला मंथन विभागीय स्तर पर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि पूरे दिन चला मंथन-2024 का आयोजन सार्थक रहा। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवा, गरीब, महिला और किसान, इन चार प्रमुख वर्गों के कल्याण के लिए निर्धारित की गई प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही चार मिशन कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री ने सुशासन का महत्व प्रतिपादित किया है। सुशासन को दृष्टिगत रखते हुए आज सम्पन्न मंथन शिविर बैठक में विस्तृत विचार- विमर्श किया गया है। आज लिए गए निर्णय के अनुसार इस तरह की विमर्श बैठकें अब विभाग स्तर पर की जाएंगी। मध्यप्रदेश को अनेक क्षेत्रों में हब बनाने पर गुरूवार को गंभीर विचार-विमर्श हुआ है। मंत्रि-परिषद के सदस्यों को विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिक से अधिक जनकल्याण राज्य सरकार का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयास करेगी। प्रदेश में अस्पतालों में वरिष्ठ रोगियों को सम्मान और सुविधा प्राप्त हो, इस दृष्टि से उनकी पृथक पंक्ति और बैठक का प्रबंध किया जाएगा। प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं ओर चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं की संख्या निरंतर ब? रही है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की दृष्टि से भी प्रयास किए जाएंगे। यादव ने कहा कि प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जो शुरूआत की गई, उसके सफल परिणाम मिल हैं। उन्होंने बतायया कि प्रधानमंत्री फरवरी 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगों को भूमि प्रदान करने के लिए उदार नीति का पालन करते हुए अधोसंरचना विकास के प्रयास ब?ाए जाएंगे। उद्योग स्वयं विभिन्न विकास कार्यों को आवंटित भूमि के अनुसार क्रियान्वित करेंगे, इससे राज्य की अपनी सम्पदा के विकास और सुविधाओं में वृद्धि संभव होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. अटल जी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जो?ो परियोजना के भूमि-पूजन के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एक वर्ष में प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन की उन्होंने सराहना की और विश्व के 10 ब? पर्यटन संभावनाओं से भरे क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के शामिल होने का विशेष उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा किए गए मध्यप्रदेश के इस विशेष उल्लेख का सदैव सम्मान करेगी। मध्यप्रदेश पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे ब?ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य करेगा। प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले एक वर्ष में इनकी संख्या 50 से अधिक हो जाएगी। पांच नए आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की पहल हुई है और शीघ्र ही प्रदेश में इनकी संख्या 60 हो जाएगी। प्रदेश में 55 जिले हैं, जिलों से इससे अधिक मेडिकल कॉलेज प्रदेश में हो जाएंगे, जिससे मध्यप्रदेश चिकित्सा का हब भी बनेगा।

**विभिन्न क्षेत्रों में बनेगा सिरमौर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली युवा कार्य और रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में जाते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों के विकास, नए मेडिकल कॉलेजों के प्रारंभ होने से उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसर, शिक्षा के क्षेत्र में कार्य की संभावनाओं और कृषि एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को गति मिलने से ब?ी संख्या में युवाओं को काम मिलेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में हब भी बनेगा। इसके साथ ही चिकित्सा क्षेत्र और आईटी में भी हब बनेगा। संभाग स्तर पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के प्रस्ताव क्रियान्वित होंगे। हरित अर्थ व्यवस्था, स्वच्छता, सुशासन के ठोस प्रयासों से राज्य के विकास को गति मिलेगी। मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के उपयोग में आगे है। ओंकारेश्वर में प्रारंभ फ्लोटिंग सोलर प्लांट एक उदाहरण है। नर्मदापुरम जिले के मोहासा-बावई में नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण की इकाइयों को स्थापित करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। किसानों को सस्ती ही नहीं मुफ्त बिजली देने का कार्य नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के उपायों से संभव हो रहा है। यह क्रांतिकारी परिर्वतन है।

**मंथन शिविर में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने क्या कहा:** टीम भावना से कार्य करने का प्रयास आवश्यक है। युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण पर आज मंथन हुआ है। मंथन शिविर मंत्रीगण और विभागों को कार्यों से यश-प्राप्ति का अवसर भी है। प्रदेश का बजट पांच वर्ष में दोगुना करने का प्रयास है। इस मंथन बैठक के बाद आगामी मंथन विभागीय स्तर पर होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने फरवरी माह में मध्यप्रदेश आने की सहमति दी है। यह समिट अपेक्षा से अधिक सफल होगी। मंत्रीगण पूरे वर्ष के कार्यों की समीक्षा करें। विभाग स्तर की समीक्षा से यह ज्ञात होगा कि किस क्षेत्र में प्रयास ब?ाने हैं। समान स्वरूप के कार्य विभाग किस तरह संयुक्त रूप से कर सकते हैं, यह विचार-विमर्श भी किया गया है। कुपोषण कम करने के अभियान और 23 जिलों में टीबी नियंत्रण के अभियान सफल हों, ऐसे प्रयास हों। मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी पूर्व की महत्वपूर्ण घोषणाओं और निर्णयों के क्रियान्वयन पर ध्यान दें। सायबर अपराध नियंत्रण के प्रयास ब?ाने की आवश्यकता है, इसके लिए निर्धारित रणनीति के अमल पर ध्यान दिया जाए।

# स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और नियुक्तियों की समीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आईपीएचएस मानकों के अनुरूप कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत पदों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और चिकित्सकीय व सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की पूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माणाधीन कार्यों की सतत निगरानी और समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, एमडी एमपीबीडीसी डॉ. पंकज जैन, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, पीआईयू और एमपीबीडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लोकायुक्त में बरसों से जमे 14 अफसरों को हटाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के आवास पर छापेमारी में मिली करोड़ों की संपत्ति के बाद अब विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त में लंबे समय से जमे अधिकारियों को हटाया गया है।डीजी विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त जयदीप प्रसाद ने मुख्यालय व जोनल इकाइयों में पदस्थ चार उप पुलिस अधीक्षक, छह निरीक्षक और 24 आरक्षकों को हटाने के आदेश जारी करने के साथ ही तत्काल कार्यमुक्त कर दिया है।सौरभ के आवास पर लोकायुक्त पुलिस ने 18 दिसंबर को छापा मारा था। छापे में सौरभ और उसके करीबी चेतन के ई-7 भोपाल स्थित आवास से आठ करोड़ रुपये की संपत्ति मिली थी।अगले दिन मेंडोरी गांव में एक प्लांट में खड़ी चेतन की कार में 54 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे। इसके बाद शंका जाहिर की जा रही थी कि लोकायुक्त छापे की सूचना लीक हुई है।

## मीक भोज एयरपोर्ट सलाहकार समिति सदस्य बने



**भोपाल।** शहर के समग्र विकास और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने शहरी विकास विशेषज्ञऔर क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक को राजा भोज हवाईअड्डा सलाहकार समिति का सदस्य नामांकित किया है। यह नियुक्ति मीक के लंबे समय से चले आ रहे विकास के योगदान और भोपाल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करती है। हवाईअड्डा सलाहकार समिति की संरचना और भूमिका भारत सरकार के अनुसार, हवाईअड्डा सलाहकार समिति का गठन प्रतिनिधित्व और विशेषज्ञता को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। लोकसभा क्षेत्र के सांसद इस समिति के अध्यक्ष होते हैं।

## पूर्व मंत्री, समाजवादी नेता सविता वाजपेई का निधन



**भोपाल।** प्रख्यात समाजवादी नेता, पूर्व मंत्री श्रीमती सविता बाजपेई का आज सुबह 4 बजे निधन हो गया दे। वरिष्ठ पत्रकार श्री बालमुकुंद भारती की धर्मपत्नी 87 वर्षीया श्रीमती सविता वाजपेई पिछ्ले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी तथा स्थानीय अस्पताल में भर्ती थी। भोपाल की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रद्धा अग्रवाल एवं निष्ठा दुबे की वे मां थी। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 3 बजे भदभदा विश्राम घाट पर हो गया। सविता बाजपेई 80 के दशक में तब चर्चा में आई थी, जब 1977 के विधानसभा आम चुनाव में सीहोर से विधायक चुनी गई थी और जनता पार्टी के 3 साल के कार्यकाल में तीन बार वे मंत्री रही । श्रीमती सविता वाजपेई जनता पार्टी शासन काल के तीनों मुख्यमंत्री श्री कैलाश जोशी, श्री वीरेंद्र सकलेचा, और श्री सुंदरलाल पटवा के मंत्रिमंडल में क्रमशः राज्य मंत्री और मंत्री के पद पर रही। वह 18 महीने मीसाबंदी भी रही है । श्रीमती वाजपेई 1972- 77 तक प्रोफेसर्स कॉलोनी के बच्चों में 'आंटी' के रूप में प्रसिद्ध थी।




## संपादकीय

# करों का कसता घेरा

देश में जीएसटी के बढ़ते स्लैब और वस्तुओं पर टैक्स में बदलाव लंबे समय से चर्चा व सियासी संग्राम का सबब रहे हैं। हाल में कपडों और कुछ अन्य उत्पाद पर जीएसटी का दायरा बढा है लेकिन बीमा को सस्ता बनाने पर फैसला बाकी रहा। अब स्वास्थ्य सेवा और दवा पर जीएसटी का मामला भी चर्चा में है। आज के दौर में इलाज यदि महंगा है तो दवा भी कम महंगी नहीं हैं। यदि हम जीवनरक्षक दवाओं को छोड़ दें, तो कई अधिकतम जीएसटी के दायरे में हैं। मनोरोग से संबंधित दवाइयों पर भी बारह फीसद जीएसटी लगाई गई है। कई गंभीर रोगों की दवाइयां पहले से ही महंगी हैं। ऐसे में मानसिक चिकित्सा से संबंधित दवाओं पर बारह फीसद जीएसटी उन मरीजों से अन्याय है, जो जीवन की जद्दोजहद में घिर कर किसी कारण मनोरोग के शिकार हो गए हैं। आर्थिक दबाव से पहले ही बेहाल ऐसे मरीज अगर बीच में ही अपना इलाज छोड़ रहे हैं, तो यह निस्संदेह चिंता का विषय है। यह सवाल वाजिब है कि क्या मनोरोग या किसी भी बीमारी का उपचार मनुष्य के लिए विलासिता हो सकता है। क्या किसी को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार नहीं है? अगर दवाइयां महंगी होंगी, तो कोई भी पहले दाल-रोटी की चिंता करेगा या अपने लिए दवाइयां खरीदेगा? जबकि दोनों ही बुनियादी जरूरतें हैं। मनोरोग के उपचार की दवाइयां भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण हैं, जितनी जीवनरक्षक दवाएं। मानवीय रूप से देखें तो सभी दवाइयां करमुक्त होनी चाहिए। क्योंकि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए यह आवश्यक है। दरअसल, देश में एक तरफ चिकित्सा सेवाएं आम आदमी की पहुंच से दूर हो रही हैं, तो दूसरी तरफ दवाइयों पर लगातार कर बढ़ाने से भी हलात बिगड रहे हैं। सरकार की लोकलुभावन योजनाओं के बावजूद महंगी दवाइयां खरीदना रोगी के लिए मजबूरी है। आखिर उसके सामने कोई विकल्प भी तो नहीं। या तो वह जमीन-जेवर बेच कर अपनी जान बचाए या फिर घर पर लाइलाज रहे। यह भयावह स्थिति है। दो राय नहीं कि सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए कुछ कदम जरूर उठाए गए। इसके लिये कुछ दुकानें खोली गई हैं लेकिन यह कितनी हैं और आबादी के मान से क्या पर्याप्त हैं? सच्चाई यह है कि बीमारियों के उपचार के दौरान अस्पतालों के बेतहाशा शुल्क और गैर-जरूरी चिकित्सा जांच में मरीज कंगाल होने लगता है। कई बार तो वह अपना इलाज कराने में असमर्थ हो जाता है। सरकार के दावे और हकीकत में कितना अंतर है, यह अस्पतालों में साफ दिखता है। इलाज पर खर्च दोगुना से अधिक हो गया है। इसकी बड़ी वजह दवाओं पर जीएसटी लगाया जाना भी है। कुल मिलाकर इस वक्त टैक्स का दायरा इस तरह समाज में लोगों के आसपास सख्त होता जा रहा है कि आदमी सुबह उठने से लेकर रात को सोने के पहले तक परोक्ष या अपरोक्ष रूप से टैक्स देता रहता है। करों का यह जंजाल भी लोगों को न अखरता, यदि उनकी आय भी इस अनुपात में बढती रहती। लेकिन इस वक्त उनके आसपास जरूरी चीजों यानि फल सब्जी के बढते दामों का घेरा है और पेट्रोल डीजल और बिजली के दाम उन्हें परेशान कर रहे हैं। ऐसे में सीमित कमाई तथा युवाओं के लिये रोजगार के कम होते मौके विषम हालात पैदा कर रहे हैं।

**मजाक तुच्छ एवं अज्ञानी प्राणियों की प्रिय वस्तु है।**
**-चेस्टर फील्ड**

## आज का इतिहास

- 2008- वी. शान्ताराम पुरस्कार समारोह में तारे ज़मीं पर को सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार मिला।
- आशा एण्ड कम्पनी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया गया।
- 2007- रावलपिंडी के पास पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की गोली मारकर हत्या।
- 2004- भारत ने तीसरे और अन्तिम वनडे में बांग्लादेश को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती।
- 2002- 'ईव' नामक पहले मानव क्लोन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लिया।
- 2001- भारत-पाक युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका व रूस सक्रिय।
- 2000- आस्ट्रेलिया में विवाह पूर्व संबंधों को क़ानूनी मान्यता।
- 1998- चीन के परमाणु कार्यक्रम के जनक वांगकान धांग का निधन।
- 1985- यूरोप के विएना और रोम हवाई अड्डों पर चरमपंथियों के हमले में 16 लोग मारे गए और सौ से ज्यादा घायल हुए।
- 1979- अफ़ग़ानिस्तान ने राजनीतिक परिवर्तन एवं हफीजुल्लाह अमीन की सैनिक क्रान्ति में हत्या।
- सोवियत सेना ने अफ़ग़ानिस्तान पर हमला किया।

1975- झारखंड के धनबाद जिले स्थित चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 372 लोगों की मौत।

- 1972- उत्तरी कोरिया में नया संविधान प्रभाव में आया।
- 1961- बेल्जियम और कांगो के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए।
- 1960- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1945- वैश्विक अर्थव्यवस्था को मज़बूती प्रदान करने के लिए विश्व बैंक की स्थापना की गई। 29 सदस्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना।
- 1939- तुर्की में भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत।
- 1934- पर्सिया के शाह ने पर्सिया का नाम बदलकर ईरान करने की घोषणा की।
- 1911- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन के दौरान पहली बार 'जन गण मन' गाया गया।
- 1861- कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार चाय की सार्वजनिक बोली संपन्न।
- 1965- सलमान ख़ान- बॉलीवुड अभिनेता का जन्म।
- 1942- लांस नायक अल्बर्ट एक्का- परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक का जन्म हुआ।
- 1927- नित्यानंद स्वामी- उत्तराखंड के पहले मुख्यमंत्री का जन्म हुआ।
- 1895- उज्जवल सिंह- पंजाब के प्रमुख सिक्ख कार्यकर्ता थे।
- 1797- ग़ालिब-उर्दू-फ़ारसी के प्रख्यात शायर का जन्म हुआ।

## निशाना

### आने लगे बयान !



-कृष्णेन्द्र राय

**बांट रहे वो पैसा ।**
**आने लगे बयान ।।**
**जब आता चुनाव है ।**
**चर्चा में सम्मान ।।**
**होने लगती मांग ।**
**करके जांच दिखाओ ।।**
**हम हैं इमानदार ।**
**पास ना अपने आओ ।।**
**क्या सही क्या गलत ।**
**पता नहीं चल पाता ।।**
**हर चुनावी मौसम ।**
**अपना रंग दिखाता ।।**
**फेंकते सब पासा ।**
**खेलने को खेल ।।**
**पर जनता के हाथ में ।**
**हो किस पर नकेल ।।**

# उपभोक्ता के बढ़ते शोषण पर अंकुश लगाना जरूरी

■ ललित गर्ग

भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और यह आजादी की शताब्दी वर्ष 2047 तक उच्च मध्य आय के दर्जे तक पहुंचने की आकांक्षा के साथ विश्व बाजार बनने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। देश यह भी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारतीय बाजार एक ऐसी आदर्श बाजार व्यवस्था को स्थापित करें जिसमें उपभोक्ताओं की ठगी की बढ़ती घटनाएं पर पूर्णतः नियंत्रण हो। इसके लिये उपभोक्ता में उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधित जागरूकता को बढ़ाने, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, कम नाप-तौल, ठगी इत्यादि संकटों से उपभोक्ता को मुक्ति दिलाने एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के बारे में लोगों को जानकारी देकर उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से भारत में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में उपभोक्ता का मतलब ही ठगी का शिकार हो गया है। देश का प्रत्येक आदमी कहीं न कहीं अक्सर ठगा जा रहा है। आनलाइन बाजार व्यवस्था एवं ई-बाजारवाद में ठगी की घटनाएं एक बड़ी समस्या एवं चुनौती बन गयी है। सरकार ने उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए कानून भी बनाया है। उन्हें जगाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी उपभोक्ता सोये हैं, जबकि मुनाफे के लिए छ्ल के नए-नए तरीके आजमाए जा रहे हैं, क्योंकि दो तिहाई से ज्यादा आबादी अपने ही अधिकारों के प्रति सतर्क नहीं है।

उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए इसी दिन 24 दिसंबर, 1986 को भारत सरकार ने ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इस अधिनियम एवं बाद में किये गये संशोधनों का उद्देश्य उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण वस्तुओं, लापरवाह सेवाओं एवं अनुचित व्यापार प्रथाओं से संरक्षण करना है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के छ्ह मौलिक अधिकार सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण पाने का अधिकार एवं उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानून से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य यह है की किसी भी शासकीय पक्ष ने इस विधेयक को तैयार नहीं किया बल्कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रथमतः इस विधेयक का मसौदा तैयार किया। हम में से हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। कोई व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान खरीदता है, वह उपभोक्ता है। उपभोक्ता क्योंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। इसलिए उपभोक्ता को जागना होगा और खुद को इन संकटों से बचाना होगा। बहुत कम उपभोक्ता जानते होंगे कि उनके क्या अधिकार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही अगर वह धोकाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली, ठगी आदि का शिकार होते हैं तो वह इसकी शिकायत कर सकें। इस कानून में जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं की बिक्री के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार दिया गया है, खरीदी गई वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, उसके बारे में जानकारी का अधिकार एवं इसके लिए आवाज उठाने का अधिकार है।



बढ़ते बाजारवाद एवं उदारीकरण के इस दौर में जैसे ही हम अपनी जरूरत की कोई चीज या सेवा लेते हैं, तभी उपभोक्ता का ठप्पा हमारे ऊपर लग जाता है। कायदे से किसी चीज या सेवा के एवज में चुकाई जाने वाली कीमत में किसी भी तरह की घोखाधड़ी एवं ठगी नहीं होना चाहिए, लेकिन अक्सर उपभोक्ता ठगे जाते हैं। खराब गुणवत्ता की चीजें और सेवा प्रदाता से अपने अधिकारों के हक की लड़ाई ही जागरूक उपभोक्ता की पहचान है। उपभोक्ता दिवस मनाते हुए हम केवल उपभोक्ता अधिकारों की ही बात नहीं करते बल्कि उपभोक्ता की उन्नत एवं सम्यक् सोच को भी विकसित करते हैं। आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करने के लिये उपभोक्ता जागृति जरूरी है। आज का उपभोक्तावादी दृष्टिकोण एक प्रकार का सम्मोहन बन गया है, हिस्टीरिया की बीमारी बन गया है। सम्मोहन करने वाला जैसा नचायेगा, उपभोक्ता वैसा ही नाचेगा, फिर उपभोक्ता संरक्षण कैसे संभव होगी? यह तभी संभव है जब हमारा उपभोग के प्रति सम्यक् दृष्टिकोण होगा। नया उपभोक्तावाद एक प्रकार से नई हिंसा का उपक्रम है। हिंसा, प्रतिस्पर्धा, सत्ता की दौड़ एवं आर्थिक साम्राज्य को इससे नया क्रूर आकार मिला है। क्योंकि उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संग्रह, सुविधा, सुख, भोग-विलास एवं स्वार्थ से जोड़ दिया है। स्वार्थों के संघर्ष में अन्याय, शोषण एवं अनैतिकता होने लगी। आज की उपभोक्तावादी एवं सुविधावादी जीवन-धारा में जैसे-जैसे भोगवाद बढ़ता जारहा है, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्रकृति दोहन, आतंकवाद, युद्ध, संघर्ष की स्थितियों बढ़ती जा रही है। समाज, राष्ट्र एवं विश्व में व्याप्त प्रदर्शन, दिखावा एवं फिजुलखर्ची पर नियंत्रण जरूरी है।

सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, उनके हितों का संरक्षण भी किया जा रहा है, इसी की निष्पत्ति है 'जागो ग्राहक जागो' जैसे अभियान। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाली एनजीओ कट्स (सीयूटीएस) इंटरनेशनल ने समय-समय पर सर्वे के माध्यम से पता लगाया है कि कितने उपभोक्ता ठगे जाते है और कितने उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सचेत है। उपभोक्ता मंत्रालय के व्यापक जागरूकता अभियान के बावजूद गलत उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी ठगी के शिकार 90 प्रतिशत लोगों ने तो कभी शिकायत ही नहीं की है। चार से पांच प्रतिशत उपभोक्ता ही कंपनी या उत्पाद निर्माता के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में आनलाइन खरीद और साइबर क्राइम में वृद्धि के चलते लोगों में अपने आप जागरूकता बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र के लोग कुछ ज्यादा जागरूक हुए हैं, जबकि गांवों के लोग अभी भी अनजान हैं। गांवों के लोग यह भी नहीं जानते कि खरीदारी से पहले आईएसआई, आईएसओ एवं एगमार्क जैसे गुणवत्ता प्रमाणन की छानबीन करनी चाहिए। इंटरनेशनल कंज्यूमर पालिसी एक्सपर्ट प्रो. बीजान मिश्रा का कहना है कि अगर किसी से प्रेरित होकर कोई व्यक्ति उचित फोरम में चला भी गया तो गारंटी नहीं कि उसे समाधान मिल ही जाए। शिकायत दर्ज कराने वाले केवल 18 से 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही संतोषजनक समाधान मिलता है। बाकी को या तो समाधान नहीं मिला या कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली। हालांकि सुखद संकेत है कि कई मामलों में त्वरित समाधान मिलने से उपभोक्ता निवारण तंत्र पर भरोसा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ई-प्लेटफार्म पर भरोसा नहीं होने पर भी खरीदारी बढ़ रही है। एक सर्वे में बात आई है कि शहरों में 56 प्रतिशत उपभोक्ता आनलाइन खरीद करने लगे हैं। हालांकि अलग बात है कि उन्हें आनलाइन खरीदे गए उत्पादों की गुणवत्ता पर भरोसा फिर भी नहीं होता।

आज की बाजार शक्तियां उपभोक्ताओं का शोषण करती है। इन्हीं उपभोक्तावादी एवं बाजार शक्तियों के कारण जीवन में सुख का अभिप्राय केवल भोग और उपभोग को माना जाने लगा हैं। ऐसे में झूठी शानो-शौकत के दिखावे के चक्कर में उपभोक्ता अविवेकशील होकर अनावश्यक चीजों को भी थैले में भरकर घर ला रहा है। बाजार एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के इस काले जादू के आगे उपभोक्ता बेबस एवं लाचार खड़ा हैं। जिसके कारण वस्तुओं की गुणवत्ता के स्तर में गिरावट आ रही हैं। कोई भी चीज मिलावटरहित मिलना अब संभव नहीं है। न चाहते हुए भी उपभोक्ता लूट का शिकार बन रहा है। इतना ही नहीं, उपभोक्तावादी संस्कृति ने भोगवादी जीवन जीने के लिए मनुष्य के समक्ष नए आयाम प्रस्तुत किए हैं तथा उसे सुविधाभोगी बना दिया है। भोग्य वस्तुओं का उपयोग ही जीवन का प्रमुख लक्ष्य बन गया है। भोगवाद के कारण सबसे बड़ी हानि यह हुई है कि भोगों के प्रति रुचि या रति का गहरा पोषण हुआ है वही उपभोक्ताओं के शोषण भी बढ़ता जारहा है। इसी शोषण से मुक्त दिलाना ही राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की सार्थकता एवं उपयोगिता है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# लिंगभेद मुक्त कानून से ही न्याय संभव

■ क्षमा शर्मा

पिछले दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बंगलुरू में कार्यरत चौंतीस वर्षीय इंजीनियर, अतुल सुभाष की आत्महत्या काफी चर्चा में रही है। इस युवक ने आत्महत्या से पहले, नब्बे मिनट का एक वीडियो बनाकर डाला, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी पत्नी और उसके घर वालों के व्यवहार से कितना परेशान है। उसे साल में मात्र तेईस छुट्टियां मिलती हैं और दहेज सम्बंधी, घरेलू हिंसा से जुड़े केस के सिलसिले में डेढ़ सौ यात्राएं करनी पड़ी हैं। उसने यह भी बताया कि वह अपने बच्चे के लिए चालीस हजार रुपये महीना देता है। और बच्चे के लिए पत्नी एक लाख रुपये मांग रही है, लेकिन बच्चे की शक्ल तक उसे याद नहीं, क्योंकि पत्नी कभी उससे मिलने नहीं देती। यह भी बताया कि मामले को रफा-दफा करने के लिए पत्नी तीन करोड़ रुपए मांग रही है।

अतुल का कहना था कि वह अब बिल्कुल रुपये नहीं देना चाहता क्योंकि जो रुपये वह दे रहा है, उसके ही खिलाफ इस्तेमाल हो रहे हैं। फिर वह टैक्स भी क्यों दे, क्योंकि सरकार उन्हीं टैक्स के पैसों से पुरुषों को परेशान करने वाले कानून बना रही है। अतुल ने वे चैट भी लगाए जिसमें उसकी सास कह रही है कि तेरे सुसाइड की खबर नहीं आई। अतुल कह रहा है कि आप तो पार्टी करोगे। इसके उत्तर में सास कह रही है कि पैसा तेरा बाप देगा। तेरा घर भी बिक जाएगा क्योंकि उसमें बहू का हिस्सा भी होता है।यह बात दीगर है कि यह युवक कितना परेशान रहा होगा कि उसे जीने के मुकाबले मृत्यु को चुनना पड़ा। कोई यों ही मौत को गले नहीं लगाता। ऐसी खबरों की भी कोई कमी नहीं, जिनमें महिला कानूनों का दुरुपयोग भारी पैमाने पर हो रहा है। इनमें बदले की भावना, जमीन-जायदाद के मामले, पति के घर वालों के साथ न रहना, विवाहेत्तर संबंध आदि शामिल हैं। अदालतें बार-बार इस ओर आगाह भी कर रही हैं। लेकिन कानूनों का दुरुपयोग करने वाली महिलाओं को शायद ही कोई सजा मिलती है।

दरअसल, कानून बनाने वालों के मन में अभी भी स्त्रियों की हाय बेचारी वाली छवि है। मान लिया गया है कि वे कभी झूठ बोल ही नहीं सकतीं। इसीलिए कानून सौ फीसदी महिलाओं के पक्ष में झुके हुए हैं। वहां अक्सर पुरुषों की कोई सुनवाई नहीं है। इसीलिए अतुल सुभाष की मृत्यु के बाद मीडिया के एक बड़े तबके में यह मांग भी उठी कि कानूनों को जेंडर न्यूट्रल या लिंग भेद से मुक्त होना चाहिए। जो भी सताया गया हो, स्त्री या पुरुष, उसे कानून न्याय दे और अपराधी को सजा।

अधिकांश देशों में जेंडर न्यूट्रल कानून ही हैं। वहां पुरुष को आरोप लगते ही अपराधी घोषित नहीं कर दिया जाता है। जबकि अपने यहां पुरुष का नाम, पता, फोटो, सब कुछ सार्वजनिक कर दिया जाता है। बहुत बार पुरुषों की नौकरी चली जाती है, क्योंकि कोई




भी कम्पनी किसी विवादास्पद व्यक्ति को अपने यहां रखना नहीं चाहती। सामाजिक बहिष्कार भी झेलना पड़ता है। सालों साल अदालत के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आरोप मुक्त हो भी जाए, तो भी खोई हुई प्रतिष्ठा वापस नहीं मिलती। अतुल की आत्महत्या के बाद सोशल मीडिया पर अभियान भी चलाया गया कि अब निकिता जैसी लड़कियों से विवाह नहीं करना है, गांव से लड़की खोजकर लानी चाहिए। इन लोगों को शायद नहीं पता कि गांव में स्त्री कानूनों का कितना इस्तेमाल होता है। बहुत बार दुरुपयोग भी।

हाल ही में अतुल की पत्नी निकिता का बयान भी आया था कि उसकी मां हर रोज उसे पांच-छ्ह घंटे अतुल के खिलाफ भड़काती थी। उसने यह भी कहा था कि अतुल उसे मारता-पीटता था।इन दिनों की एक बड़ी समस्या यह भी है कि जीवन से एडजेस्टमेंट नाम की चीज गायब हो चली है । लगता है कि लड़ाई-झगड़े, एक-दूसरे के अपमान से ही चीजें सुलझ सकती हैं। जबकि बड़े से बड़े विश्व युद्ध के मसले भी अंततः समझौते से ही सुलझते हैं। घर वाले भी युवाओं को समझाते नहीं, कई बार आग में घी डालने का काम करते हैं जैसा कि निकिता के बयान से जाहिर है। क्या पता कि अगर परिवार वालों द्वारा दोनों को समझाया गया होता, तो ऐसी स्थितियां न होतीं। इसके अलावा ऐसी बातें भी होने लगीं कि सभी स्त्रियां ऐसा करती हैं। वे पुरुषों को फंसाती हैं, जबकि यह भी सच नहीं है।

अपने देश में न जाने कितनी स्त्रियां दहेज के कारण घर से निकाली जाती रहीं हैं, सताई गई हैं, या जलाकर मार डाली गई हैं। अभी वे दिन स्मृतियों में ताजा हैं, जब अक्सर स्टोव बहू के ऊपर फट जाता था और वह इस कदर जल जाती थी कि प्राण नहीं बचते थे। मामूली बातों पर स्त्रियों को घर से निकाला जाना, उनके साथ मारपीट, दुष्कर्म भी हमारे समाज की कड़वी सच्चाइयां हैं। पति के मर जाने के बाद पत्नी को सती भी यही समाज करता था। वर्ष 1987 में जब राजस्थान के दिवराला में रूपकंवर सती हो गई थी, तो यह लेखिका भी वहां गई थी। उन दिनों देश भर में सती पर बहस चली थी। तब वहां कई बड़े नेताओं ने सती के समर्थन में बयान दिए थे। जनता दल के एक वरिष्ठ नेता ने इस लेखिका को तीन चुन्नियां दिखाई थीं। जो स्त्रियों को विवाह के अवसर पर दी जाती हैं। इनमें एक चुन्नी सती होने के लिए होती है। जबकि हमने मान रखा था कि सती को तो समाज ने अरसा पहले सम्पूर्ण रूप से नकार दिया।हाल ही में यह लेखिका महान रचनाकार महादेवी वर्मा के साहित्य पर काम कर रही थी। स्त्रियों की आफतों से जुड़े उनके संस्मरण चाहे बिबिया, मुन्नू की माई, गुंगिया, लछ्मा, बिंदो ऐसे हैं कि रौंगटे खड़े हो जाते हैं। एक उन्नीस साल की विधवा स्त्री भाभी के बारे में पढ़ते हुए, उसके दुखों से दो-चार होते हुए, उसके प्रति हिंसा को पढ़कर, मन घृणा से भर उठता है।

यही बात आज की स्त्रियों के संदर्भ में भी है। ऐसा नहीं है कि उनके जीवन में कोई दुःख ही नहीं। उनके प्रति कोई अपराध ही नहीं हो रहा। वे सबकी सब सिर्फ पुरुषों को सता रही हैं।न ही ऐसा है कि देश की हर स्त्री के हाथ में पैसा है या नौकरी है या सिर पर छत है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि साठ प्रतिशत महिलाओं की हत्या, उनके साथी या परिवार के किसी सदस्य ने की थी। इसी तरह एनसीआरबी के आंकड़े कहते हैं कि 2022 में स्त्रियों की हत्या की छठी बड़ी वजह दहेज था। नेशनल हैल्थ सर्वे पांच में बताया गया था कि 31.9 प्रतिशत महिलाओं ने अपने प्रति की गई हिंसा की बात की थी। इसी सर्वे के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाएं हिंसा की शिकार होती हैं, मगर वे किसी न किसी कारण से इसकी सूचना नहीं दे पातीं। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि वे तमाम जांच एजेंसियों तक नहीं पहुंच पातीं।इसलिए महिलाओं की भी सुनिए। समाज के सामने अतुल की पत्नी निकिता का पक्ष भी आना चाहिए। स्त्री को भी आरोपी बनते ही अपराधी मत बनाइए। कानून को तय करने दीजिए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारे में कीर्तन का आयोजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस को लेकर गुरुवार को जिले के सभी मंडलों पर कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के जिला प्रभारी चरणजीत सिंह ने बताया भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समस्त मंडलों पर कार्यक्रम किए गए। इस दौरान नगर मंडल नर्मदापुर नगर मंडल में मंगलवारा घाट स्थित गुरुद्वारे पर कीर्तन हुआ।



कीर्तन के उपरांत गुरुद्वारे के प्रधान सुरेंद्र सिंह अरोरा के द्वारा गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की वीर गाथा के बारे में संक्षिप्त में बताया। मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया कि वीर बाल दिवस पर नर्मदा महाविद्यालय में चारों साहिबजादे के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म चार साहिबजादे दिखाई गई इस। दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा की सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, संभागीय कार्यालय मंत्री हंसराय, प्रदेश सह संयोजक पीयूष शर्मा, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैन, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, नागेंद्र तिवारी, प्रशांत दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, सोशल मीडिया जिला प्रभारी गजेंद्र चौहान, बंदना दुबे, कार्यक्रम मंडल प्रभारी राहुल पटवा, सह प्रभारी राहुल ठाकुर, रामू चौहान, तेज कुमार गौर, सौरभ सूर्य, मनीष शर्मा, राम सागर, दुर्गेश मिश्रा, सुरेंद्र चौहान, नीरजा फौजदार, गोपाल दास खट्टर, वंदना दुबे, ओम राय, सचिन सोनी, द्वारका रघुवंशी, ममता शर्मा, अनुज मिश्रा, राजू आसरे, रिंकू जायसवाल सहित मंडल के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## वीर बालक दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम के साथ हुआ फिल्म का भी प्रसारण



**इटारसी।** वीर बालक दिवस के अवसर पर मुस्कान संस्था में गुरुवार को दोपहर चार साहिबजादो के बलिदान पर आधारित फिल्मों का प्रसारण किया गया। गुरु सिंह सभा के उपस्थित अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया की वीर बालक दिवस देश प्रेम के लिए बलिदान ओर आधरित फ़िल्म देखकर मुस्कान के बच्चों के साथ न्यास कॉलोनी क्षेत्र के बच्चे प्रेरणा लेंगे। मुस्कान संस्था की अधीक्षक ऋतु राजपूत ने बताया कि इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे 'सुपोषण ग्राम पंचायत' अभियान एवम, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से प्रधानमंत्री मोदी का संवाद और बच्चों को साहस, नेतृत्व और दृढ़ता के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश बच्चो को बड़ी स्क्रीन लगाकर दिखाया और सुनाया।

## उत्साह और गौरव के साथ मनाया वीर बाल दिवस



**साहिबजादों के बलिदान धैर्य और साहस के किस्से सुनाए**

**नर्मदापुरम।** भारत सरकार द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया गया है। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। साहिबजादों ने धर्म, मानवता और सच्चाई की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस विशेष अवसर पर, ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में वीर बाल दिवस को बड़े उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरबाणी के पाठ और साहिबजादों की जीवन यात्रा पर आधारित एक प्रेरणादायक भाषण से हुई। शिक्षिकाओं ने बच्चों को साहिबजादों के बलिदान और उनके अद्वितीय धैर्य एवं साहस के प्रेरक किस्से सुनाए। इसके साथ ही, बच्चों ने कविताओं और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने साहिबजादों के बलिदानों पर आधारित कहानी प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जिससे उन्हें साहिबजादों की शिक्षा और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिला। शाला प्राचार्य डॉक्टर आशीष चटर्जी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि साहिबजादों ने कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने धर्म और सत्य के प्रति अडिग रहकर संपूर्ण मानवता को जीवन जीने की एक दिशा दिखाई। डॉ. चटर्जी ने बच्चों को धैर्य, दृढ़ता और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए समझाया कि साहिबजादों की शिक्षाएं हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मजबूत रहने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को साहिबजादों की शहादत से जुड़े प्रेरक वृत्तचित्र भी दिखाए गए। जिससे बच्चों को उनके त्याग और बलिदान की गहराई को समझने में मदद मिली। साथ ही, विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों से इस दिन की महत्ता को अपने जीवन में उतारने और इसे आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें साहिबजादों की जीवन गाथा और सिख धर्म की महान शिक्षाओं को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी ने बच्चों और अभिभावकों को वीर बाल दिवस के महत्व को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय ने इस दिन को न केवल एक उत्सव के रूप में मनाया, बल्कि बच्चों में साहिबजादों की शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रयास भी किया। द चैम्प्स फन स्कूल ने वीर बाल दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया कि साहिबजादों की शिक्षा और उनके बलिदान आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यह दिन बच्चों और अभिभावकों के लिए न केवल सीखने का बल्कि अपने कर्तव्यों और नैतिक जिम्मेदारियों को समझने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

### नए साल पर बेचने के लिए जा रही मदिरा पकड़ाई

# 5 लाख की शराब के साथ कार जप्त, एक गिरफ्तार, दो फरार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पराग सैनी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध मादक शराब तस्करो के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही कर रही है।



बुधवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि अवैध शराब से भरी हुयी एक ग्रे रंग की कार सर्किट हाउस घाट तरफ आने वाली है, सूचना को गंभीर से लेते हुये थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर नजर रखी गई, कुछ देर बाद एक ग्रे रंग की कार पुलिस को आती दिखी, जिसे घेराबंदी पर रोके का प्रयास किया जो कार चालक ने पुलिस को देखकर कार को अंधेरे मे रोक दिया। जिससे उक्त कार में बैठे हुये दो व्यक्ति कार से उतरकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा उक्त कार की तलाशी ली गई जिसमे 16 पेटी अँग्रेजी शराब कीमती करीबन 1,69,000/- रु की होना पाया गया। कार चालक से उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम आयुष तिवारी पिता लेवेन्द्र तिवारी उम्र 25 वर्ष नि. हर्बल पार्क नर्मदापुरम का होना बताया एवं उक्त शराब के संबंध मे बताया कि शिरीब गुरब एवं अस्सू पठान दोनों निवासी नर्मदापुरम द्वारा उक्त शराब नये साल पर बेचने के लिये ला रहे थे। कार से भागने वाले दो व्यक्ति भी शिरीष गुरब एवं अस्सू पठान ही है। पुलिस द्वारा मौके पर अवैध अँग्रेजी शराब 140 लीटर एवं आल्टो कार क्रमांक MP04ZQ5654 कुल कीमत लगभग 5,00,000/-रु को जप्त किया जाकर आरोपी 1. आयुष तिवारी 2. शिरीष गुरब एवं 3. अस्सू पठान के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी 1. शिरीष गुरब एवं 2. अस्सू पठान फरार है, जल्द ही गिरफ्तारी की जावेगी। ज्ञात हो कि शिरीष गुरब के विरुद्ध वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भी धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी थी। उक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका निरी. सौरभ पांडे थाना प्रभारी थाना कोतवाली नर्मदापुरम, उनि सुरेश चौहान, प्र. आर. वीरेंद्र शुक्ला, प्र. आर. अजय दीक्षित, प्र. आर. विशाल भदौरिया, आर. राजकुमार झपाटे, आर. कपिल विश्वकर्मा, आर. संगीत शर्मा एवं प्र. आर. अरुण दुबे (चालक) की रही।

## 752 मीटर की ऊंचाई पर क्षेत्रवासियों के साथ पहुंचे लोधी



**दमोह/तेन्दूखेड़ा।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी क्षेत्र वासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जनपद जबेरा के ग्राम कलुमर पहुंचे, जहां से उन्होंने सभी के साथ 03 किलोमीटर लंबी पथरीली दुर्गम घाटियों पर पैदल यात्रा निकाली और मध्य प्रदेश की 752 मीटर की द्वितीय सबसे ऊंची चोटी सद्भावना शिखर पहुंचे और पर्यटन की दृष्टि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की राज्यमंत्री ने कहां बहुत से लोगों को इस शिखर की जानकारी प्राप्त नहीं थी इसलिए सभी के साथ यहां पहुंचा हूं। हमारे क्षेत्र में ऐसे विभिन्न स्थान है जहां प्रकृति की गोद में स्वच्छ वातावरण में पर्यटन स्थलों के विकास की संभावना है आने वाले समय में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विकास कार्य किए जाएंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा राज्य मंत्री श्री लोधी यात्रा के पश्चात सभी क्षेत्रवासियों के साथ ग्राम दोनी श्री हनुमान मंदिर पहुंचे जहां सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को पुष्पमाला एवं शाल श्रीफल से सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसअवसर पर उन्होंने कहा आप सभी ने पार्टी के रीती नीती को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है और पार्टी ने आप सभी के कार्यों को देखते हुए मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि आप सभी भारतीय जनता पार्टी के हित में लगातार कार्य करेंगे।

# रात्रिकालीन शिविर में आए 64 आवेदन, कइयों का त्वरित निराकरण भी हुआ

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत कलेक्टर नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी इटारसी के नेतृत्व में केसला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देहरी एवं ग्राम पंचायत नागपुरकला में जनकल्याण योजना अंतर्गत रात्रि कालीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत डेहरी के कुल 35 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 5 आवेदन पत्र राजस्व विभाग के, 5 आवेदन पत्र वृद्धावस्था पेंशन के एवं 25 आवेदन पत्र आयुष्मान कार्ड के प्राप्त हुए ।



भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान 26 जनवरी तक आयोजित किए जाने के निर्देश हैं। शासन की मंशा के अनुरूप अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव द्वारा नवाचार कर ग्राम पंचायत नागपुर कला में रात्रि शिविर का आयोजन कर ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी। राव द्वारा ग्राम की वृद्ध महिलाओं से दीप प्रज्वलित करा कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में ग्राम वासियों की सभी तरह की समस्याओं का निराकरण एस.डी.एम. द्वारा किया गया। राव ने अभिभाषण मे महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया एवं स्वामित्व योजना से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में जनपद पंचायत केसला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जय सोलंकी, नायाब तहसीलदार हीरु कुमरे, अतिरिक्त तहसीलदार केसला शंकरसिंह रघुवंशी,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। रात्रि शिविर में पेंशन योजनाओं के 6, नलजल योजना के 1, आयुष्मान कार्ड के 16, राजस्व विभाग के 6 एवं अन्य योजनाओं से संबंधित कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए।

# भारतीय ज्ञान परंपरा श्रृंखला के अंतर्गत गृह विज्ञान महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**■ संभाग के 8 महाविद्यालयों के छात्रों ने की सहभागिता**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम. शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में गुरुवार को संभाग स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारतीय ज्ञान परंपरा की संभाग स्तरीय श्रृंखला की कड़ी के रूप में आयोजित की गई। भारतीय कला परंपरा विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में संभाग भर के 8 महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पोस्टर निर्माण में ज्यादा सामान की आवश्यकता नहीं होती।



पोस्टर आपकी रचनात्मक सोच को व्यक्त करता है। पोस्टर के माध्यम से जागरूकता हेतु पहलू को रेखांकित कर सकते हैं। पोस्टर निर्माण का उद्देश्य महत्वपूर्ण जानकारी देना है। भारतीय कला परंपरा पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को कला संस्कृति, सौहार्द, सामंजस्य की अभिव्यक्ति को उकेरना था, इस हेतु आप विजेता एवं सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों ने भरपूर प्रयास किया है और आप बधाई के पात्र हैं। पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान पर शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राची चौहान, द्वितीय स्थान पर अमला महाविद्यालय के ऋषभ मानकर एवं तृतीय स्थान पर पचमढ़ी महाविद्यालय की रौनक क्षेत्री रही। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर एवं सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक के रूप में डॉ. बाऊ पटेल, डॉ. विनोद राय, राजदीप सिंह भदौरिया ने अपनी गरिमा मई उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रागिनी सिकरवार ने एवं आभार डॉ. रामबाबू मेहर ने किया। विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम संयोजक डॉ. हर्षा चचाने ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉ. दीपक अहिरवार, डॉ. मनीष सिंह चौधरी, श्रीमती आभा वाधवा, डॉ. कीर्ति दीक्षित, डॉ. रीना मालवीय, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. हेमंत चौधरी, डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. निशा रिछारिया, डॉ. कुमारी कृतिका परसाई महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राए उपस्थित रही।

**मेट्रो एंकर** फैमिली और दोस्तों के साथ नए साल में घूमने फिरने की ऐसी है प्लानिंग

# धार्मिक यात्राओं से होगा नवीन वर्ष 2025 का वेलकम

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

2024 की पुरानी यादों को भुलाकर लोगों में अब नई उम्मीदों की उड़ान भरने का उत्साह नजर आने लगा है। हर कोई नया साल सफलता और उम्मीदों को पूरा करने वाला मान रहे हैं और उसे पूरा करने का संकल्प भी ले रहे हैं। ऐसे में वे नए दिन की शुरूआत धार्मिक यात्राओं से करना चाह रहे हैं ताकि उन्हें वह ताकत मिले जिससे उनका सपना पूरा हो। ऐसे में यंगस्टर्स की माने तो वे 2025 का पहला दिन धार्मिक परंपराओं से जोड़ते हुए पूजा-पाठ के साथ शुरुआत करने की बात कह रहे हैं जिसमें फैमिली से जुड़े लोग भी शामिल हैं। उनका कहना है कि देव स्थलों पर जाकर साल के पहले दिन की शुरूआत करना चाहते हैं। इसके साथ ही उम्मीदों से भरे इस साल में सफलता पाने के लिए प्रार्थना करेंगे ताकि हर दिन शुभ और तरक्कियों से भर जाए उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न परेशान करे

### 12 बजने का बेसब्री से इंतजार

जैसे-जैसे दिसम्बर का माह पूरा होता जा रहा है लोगों को 2024 की आखरी रात का बड़ा बेसब्री से इंतजार हो रहा है, हर कोई नए साल की खुशियों को बड़े ही उत्साह के साथ मनाने के प्रयास में है और इस मौके पर सभी की एक ही चाहत है कि नए साल का स्वागत खुशियों से भरे माहौल में हो जिससे आने वाला साल 2025 भी इसी प्रकार से अपनों के साथ उत्साह के साथ बीते

### पिकनिक स्पॉट में मस्ती की प्लानिंग

नये साल का आगाज हो रहा है। इस सुनहरे पल को यादगार बनाने की तैयारी में युवा अभी से जुट गए है नव वर्ष का स्वागत व धमाल मचाने के लिए पंसदीदा पिकनिक स्पॉट भी चिह्नित कर लिया है

### धार्मिक स्थल जहां जाना चाहते हैं लोग

उज्जैन के महाकाल ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग मैहर मां शारदा की नगरी बांदकपुर के जागेश्वर धाम ओरछा राजा रामजी का मंदिर जबलपुर के भेड़ाघाट गौरीघाट में मां नर्मदा के दर्शन जबलपुर के कैलाश धाम दमोह सागर का वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व तेन्दूखेड़ा क्षेत्र से लगे कोडल के शिव मंदिर सहित आसपास मौजूद पर्यटन स्थल पर जाने की तैयारी है

### युवाओं का कहना है



मैं नए साल का पहला दिन भगवान के चरणों में रहकर बिताना चाहती हूं, वही हैं जो हमारे हर दिन को सुखमय बनाते हैं।
-अंजली साहू



मैं नए साल की शुरूआत दोस्तों के साथ धार्मिक स्थान की यात्राओं से करना चाहता हूं। इसके लिए स्थान का भी चयन हो गया है
-अमित नामदेव





मैं नए साल की शुरूआत ईश्वर की आराधना से करना चाहता हूं। इसलिए मैं फैमिली के साथ घर में पूजा-पाठ करूंगा।
-हरिओम सोनी

मैं साल का पहला दिन है भगवान भोलेनाथ जी की आराधना करते हुए गुजारना चाहता हूं ताकि वे परेशानियों से हमें मुक्त करें
-दीपक नामदेव



मैं फ्रेंड्स के साथ मंदिर में ईश्वर के दर्शन कर नए साल में उम्मीदों की सफलता के लिए प्रेयर के साथ शुरुकरना चाहती हूं।
-अनुप्रिया रजक

# ग्रामीण क्षेत्रों की जगह नगर में संचालित हो रहे हैं पैक्स कार्यालय, खुद के हैं भवन फिर भी दे रहे किराया, किसानों को हो रही परेशानी, जिम्मेदार बेखबर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले में किसानों मुसीबत का सामना करना पढ़ रहा है। इन पैक्स समिति कार्यालय तो ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए हैं पर इनको संचालित करने वाले प्रबंधक से लेकर स्टाफ शहर में किराए से जगह लेकर कार्यालय संचालित हो किसानों को अपना काम करवाने के लिए नगर में आना पड़ता है इस वजह से दिनभर का काम भी खराब होता है आर्थिक नुकसान भी होता है। इसकी हैं जानकारी होने के बाद जिम्मेदार अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पैक्स समितियों के कार्यालय ग्रामीण किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। इन कार्यालयों में किसानों को खाद बीज और नकदीकरण किसान ऋण के लिए शहरों में आना पड़ता है, जिससे उन्हें समय और धन की बर्बादी होती है ।किसानों की समस्या यह है कि पैक्स समितियों के कार्यालयों और गोदामों के भवन पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों में बने होने के बाद भी नगर में किराए के दफ्तरों में संचालित हो रहे हैं इसमें



सरकार की राशि का दुरुपयोग भी हो रहा है।

पैक्स कार्यालयों ग्रामीण क्षेत्र में हो संचालित एसडीएम को दिया ज्ञापन - सरकार के द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए पैक्स कार्यालयों की स्थापना कराई थी पर ज्यादातर पैक्स समिति प्रबंधकों के द्वारा सरकार की मनसा पर खुलेआम पानी करने का कार्य किया जा रहा है। इसके संबंध में कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मोहन रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम संतोष बिटोलिया को ज्ञापन को ज्ञापन देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ही पैक्स समितियां का संचालन सुचारू रूप से करवाने का कार्य किया जाए अभी सभी कार्यालय नगर में ही चल रहे हैं।

विकासखंड में 19 सोसाइटी यहां है जिन्हें ग्रामीण स्तर पर काम करना होता है उनके कार्यालय भी समिति मुख्यालय के गांव में ही बने उनके स्वयं के भवन है उनमें इनको संचालित होना चाहिए जिससे किसानों का अनावश्यक सिरोंज आन नहीं पड़ेगा। जिन प्रबंधकों के द्वारा नगर में इनको संचारित करने का काम किया जा रहा है उनसे किराया भी वसूला जाए।

**इनका कहना है**

शहरों में संचालित हो रही सोसाइटियों का संचालन गांवों में बने मुख्यालयों पर होना चाहिए इसके संबंध में जिला सहकारी बैंक के सीईओ को भी पत्र लिखेंगे इनका संचालन मुख्यालय पर ही होना चाहिए।

–**संतोष बिटोलिया**, प्रभारी एसडीएम सिरोंज

### विभिन्न अपराधो में पंजीबद्ध होने के कारण की गई कार्यवाही

# कलेक्टर ने 32 शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से किए निलंबित

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर जिले के चार थानो से संबंधित 32 लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी कर संबंधितों को संबंधित थाना क्षेत्र में तत्काल शस्त्र जमा कराने आदेशित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि संबंधित थाना क्षेत्र में विभिन्न अपराधो में पंजीबद्ध होने के कारण उनके नाम से जारी शस्त्र लायसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के आधार पर थाना मुगलसराय क्षेत्र के आठ, गंजबासौदा थाना के तीन, त्योंदा थाना क्षेत्र के 13 तथा हैदरगढ थाना क्षेत्र के आठ लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा मुगलसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिन लायसेंस धारियों के लायसेंस निरस्त किए गए है उनमें कल्याण सिंह यादव पुत्र बहादुर सिंह यादव निवासी ग्राम धमऊखेडी का शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 18/94 को, नथन सिंह उर्फ बल्लू पिता बलराम राजपूत निवासी ग्राम अबुआढाना का शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 123/09, जसबंत सिंह यादव पिता रामनाथ यादव निवासी ग्राम रामपुर का शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 32/08, चरन सिंह पिता



गिरवर सिंह यादव निवासी आमखेडा का शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 20/89, अमित सिंह राजपूत पिता भैयालाल राजपूत निवासी ग्राम कंशी का शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 08/23, फूल सिंह पिता गनपत सिंह यादव निवासी ग्राम सूरनताल को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 11/78, प्रताप सिंह पिता फूल सिंह यादव निवासी ग्राम सूरनताल को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 29/97, कमल सिंह पिता राजधर दांगी निवासी ग्राम भौरा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 29/97 को जारी लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

इसी प्रकार गंजबासौदा शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लायसेंसी लोकेन्द्र सिंह राजपूत पिता रामसिंह निवासी चार खंभा वाली गली बरेठ रोड को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 12/17, जवाहर सिंह रघुवंशी पिता हिम्मत सिंह रघुवंशी निवासी मेवली को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 70/99, नरेन्द्र सिंह रघुवंशी पिता दीवान सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम छिपनी को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 87/2000 को जारी लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

त्योंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदकिशोर पिता बद्रीप्रसाद व्यास निवासी ग्राम कस्बा बागरोद को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 13/06, महेश प्रसाद व्यास पिता रामविशाल व्यास निवासी कस्बा बागरोद को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 138/99, राजेश पिता बाबूलाल लोधी निवासी गुलावरी को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 91ध10, दुर्ग सिंह पिता नरेन्द्र सिंह निवासी मटेना को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 120/22, रामबल सिंह पिता रतनलाल कुर्मी निवासी ग्राम कस्बा खामखेडा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 65/05, पंकज पिता सतीश चंद्र जैन निवासी त्योंदा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 173/08, प्रेमसिंह पिता बलीराम कुर्मी निवासी ग्राम छेवली को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 29/11, रूप बसंत पिता हरिसिंह मैना निवासी ग्राम मुंहासा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 149/13, राकेश व्यास पिता रामविशाल व्यास निवासी कस्बा बागरोद को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 108/03, राजेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय हिम्मत सिंह मैना निवासी ग्राम मुहांसा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 177/08, अखलेख पिता रमेशचंद निवासी त्योंदा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 55/14, राजेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय प्रहलाद सिंह निवासी बेहलोट करारी को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 09/23, महाराज सिंह पिता काशीराम मैना निवासी ग्राम पैरवासा को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 53/06 जारी लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

त्योंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासिर पिता मसूद अली निवासी ग्राम हैदरगढ को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 93/12, जहांगीर कुली खान पिता साबिर कुली खान निवासी ग्राम मोहम्मदगढ को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 38/73, मुराद कुली खान पिता जहांगीर कुली खान निवासी मोहम्मदगढ को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 100/98, नारायण पिता मथुरा प्रसाद लोधी निवासी ग्राम हरहरखेडी का जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 39/98, रविन्द्र पिता खिलान सिंह यादव निवासी ग्राम गुन्नौठा का जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 62/2013, गोविन्द दास पिता बालकदास बैरागी निवासी ग्राम पुवारिया का जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 74/2024, रामसेवक पिता गबडू मैना निवासी बसियाखास का जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 220/2008, रंधीर पिता बलराम मैना निवासी बसियाखास का जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति क्रमांक 117/2023 जारी लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देशों पर त्वरित कार्य हुआ, आंगनबाड़ी केंद्र भवन तक पहुंच मार्ग सुगम हुआ



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र भवनों तक आने जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने को समस्या हो तो अविलंब दूर कर कि गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक में दिए निर्देशानुसार आंगनबाडी केन्द्रों तक पहुँच मार्ग में बाधा वाले मार्गों एवं केन्द्रों की जानकारी लेकर पहुँच विहीन केन्द्रों के नियमित सूचारू संचालन के लिए अधिकारीयों को द्वारा कार्यवाही की गई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने विभाग को प्राप्त प्रतिवेदनों का हवाला देते हुए बताया कि कुरवाई अनुविभाग के केन्द्र परासरी, कोंसी, भौरासा, गिरवासा आदि केन्द्रों में हितग्राहियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पडता था परंतु अब रास्ते से बाधाओं को हटाने पर कार्य किया गया और ग्राम परासरी आंगनबाडी केन्द्र में कीचड़ एवं पानी का रूकाव होने के कारण बच्चों एवं महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पडता था परंतु जिला कलेक्टर के प्रयासों से यह बाधा दूर हो गई।

### कलेक्टर की पहल पर त्वरित संपादित हुई कार्यवाही

इसी क्रम ग्राम गिरवासा आंगनबाडी केन्द्र के सामने जानवरों के बांधे जाने के कारण गंदगी होती थी परंतु अब आंगनबाडी केन्द्र के सामने कोई भी गंदगी नहीं है। आने-जाने के रास्ते में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं हो रही है। हितग्राहियों को नियमित लाभ प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर की पहल पर त्वरित संपादित कार्यवाही से लाभान्वितों के द्वारा सामूहिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## आज से दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**सिरोंज।** शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सेवा भारती और संजीवनी अस्पताल के द्वारा किया जाएगा जिसमें सुबह 11 बजे से लेकर 5 तक डॉक्टर मौजूद रहेंगे। डॉक्टर संजीव माथुर ने बताया कि इसमें स्पेशलिस्ट डॉक्टर आएगा कैंसर, हृदय रोग ,नेत्र रोग ,कैंसर स्पेशलिस्ट , न्यूरोलॉजिस्ट, हड्डी रोग, स्त्री रोग मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम रहेगी जिसके द्वारा मरीजों का उपचार के साथ परामर्श भी दिया जाएगा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों को उक्त शिविर के माध्यम से लाभ पहुंचाने के लिए सेवा भारती एवं संजीवनी अस्पताल सहयोग से किया जाएगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी को, प्रवेश पत्र जारी

**सिरोंज।** विदिशा जिले के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद के प्राचार्य एके राजे ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वी में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली पी0एम0श्री0 जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिये गये है। जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है, वह नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट दंअवकलं.हवअ.पद पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त करने में समस्या है, वह कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्त्रोत समन्वयक अथवा कार्यालय पी0एम0श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद से कार्यालयीन समय में आकर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद प्रवेश पत्र पर अंकित दिनांक 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार को सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है, विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद के कुल 4959 प्रवेश पत्र जारी किये गये है।

# विधायक उमाकांत शर्मा ने एम्बुलेंस सुविधा का किया शुभारंभ गौ सेवा के लिए अलग ही पहचान, खिलाया जा रहा है लड्डू







**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

गौशालाओं का संचालन तो सरकार से लेकर कई संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है। संत सुधा सागर गौशाला में एक युवा टीम बिना किसी स्वार्थ भाव के गौ सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है कहीं से भी गाय के घायल होने की सूचना आती तो तत्काल टीम उपचार करने पहुंच जाती है सर्दी सभी लड्डुओं का वितरण भी निरंतर किया जा रहा है अच्छे तरीके से इसका संचालन किया जा रहा है दूसरे क्षेत्र के लोग भी आकर गौशाला के संचालन तारीफ करते हैं यहां पर काम करने वाली टीम हमेशा गौ सेवा के लिए तैयार रहती है अच्छे तरीके इसको चलाया जा रहा है।

इस गौशाला के संचालन की प्रक्रिया देखकर दूसरे लोगों को भी गौ सेवा करने का भाव जाग्रत करती है। निरंतर व्यवस्थाओं में बदलाव लाने के साथ कर्मियों को पूरा करके विस्तार किया जा रहा है एंबुलेंस की जो कमेटी उसको भी पूर्ण किया गया है। पशु एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई... करुणा रथ नामक पशु एंबुलेंस का लोकार्पण मुनि श्री 108 विशद सागर जी महाराज के सान्निध्य में विधायक उमाकांत शर्मा ने किया। पशु एम्बुलेंस विकासखंड के आसपास घायल गोवंश और अन्य पशुओं की सहायता के लिए 10 किलोमीटर की परिधि में रात्रि 8 बजे तक काम करेगी इसमें उपचार करने वाली टीम दवाइयां के साथ रहेगी जो की एक अच्छी पहल है बिना किसी सरकारी मदद से इस काम को किया जा रहा है। जबकि कई गौशालाएं सरकारी सुविधाओं के बाद भी दाहिनी स्थिति में है उनमें पशुओं की देखभाल भी सही से नहीं की जा रही है कई गौशाला में तो सरकारी राशि को निकालने का काम भी किया जा रहा है मवेशियों को रखने का काम ही नहीं किया जाता है मैं भूखे प्यासे भटक रहे हैं।

## पारस नाथ भगवान का जन्म और तप कल्याणक पर किया मस्तकाभिषेक

श्री 1008 चंद्र प्रभ जिनालय सिरोंज में उपरोक्त कार्यक्रम श्री 108 बिसद सागर जी तथा वैराग्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में भक्ति भाव से नाया गया। महमस्तका अभिषेक करने का शौभाग्य सुरेश चंद विवेक ,कुमार ,धन कुबेर राज कुबेर जैन,सुभाष चंद आदि को मिल, शांति धारा करने का शौभाग्य सुभाष चंद, संदीप कुमार ,विजयराज,नेमी चंद संजय कुमार नगर,जैनेन्द्र कुमार ,राजेश कुमार ,अमन कुमार आदि ,को प्राप्त हुआ। धर्म सभा में मुनि श्री ने प्रवचन के माध्यम से दान की महिमा का बर्णन करते हुए कहा का जितना भी धन अच्छे काम में खर्च किया जाए वहां अच्छा होता है मंदिर निर्माण में भी सभी को दान अपने समर्थ के अनुसार आवश्यक रूप से करना चाहिए शांति सद्भावना धर्म के रास्ते पर चलने का संदेश भी दिया कार्यक्रम मे भक्ति भाव से समाजजनों ने भाग लिया।

**मेट्रो एंकर** जनकल्याण पर्व के तहत शिविर आयोजित, सभी विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

# जनकल्याण पर्व में वार्ड वासियों की सुनी समस्या, मौके पर ही दिए स्वीकृति पत्र





**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को वार्ड क्रमांक 6 में जनकल्याण पर्व के तहत शिविर का आयोजन हुआ। विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में रहवासियों अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन नहीं मिलने बिजली बिल अधिक आने नामांतरण, आयुष्मान कार्ड से लेकर अन्य समस्याओं संबंधित आवेदन दिए गए जिनमें से कई पात्र लोगों को मौके पर ही पात्रता के आधार पर शासन की योजनाओं स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि सरकार के द्वारा पात्र लोगों को शासन की सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है हमारा भी यही यह उद्देश्य है कि पत्र हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाना जितने भी आवेदन यहां पर प्राप्त हुए हैं उन सभी का समाधान करके बात लोगों को योजना के अनुसार लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान नगरपालिका मनमोहन साहू, फहीम खान, बालकिशन कुशवाह, दुबे मेडम आदि मौजूद थे।

# जायसवाल की गलती से पलट गया पासा, विराट कोहली भी लौटे पवेलियन; 154 पर चौथा विकेट



**नई दिल्ली . एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की पहली पारी में 474 रन पर ऑलआउट हो गई है। शुक्रवार को मेलबर्न में खेले जा रहे मुकाबले का दूसरा दिन है। तीसरे सेशन में भारत ने पहली पारी में 4 विकेट 155 रन बना लिए हैं। अचानक से मेलबर्न टेस्ट में पासा पलट गया है. यशस्वी जायसवाल के रन आउट होने के बाद विराट कोहली भी आउट हो गए. विराट ने 86 गेंद में 36 रन बनाए. भारत ने 154 रनों पर चौथा विकेट गंवाया. इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रनों पर रन आउट हुए थे. विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के बीच शतकीय साझेदारी हुई थी कि यह पार्टनरशिप टूट गई. यशस्वी जायसवाल ने अपना विकेट गिफ्ट कर दिया. वह रन आउट हो गए. जायसवाल 118 गेंद में 82 रन बनाकर पवेलियन लौटे. दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 102 रन जोड़े. भारत ने 153 रनों पर तीसरा विकेट गंवाया. भारतीय टीम का स्कोर दो विकेट पर 134 रन हो गया है. विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के बीच 134 गेंद में 83 रनों की साझेदारी हो चुकी है. जायसवाल 103 गेंद में 65 रन पर हैं. वह 9 चौके लगा चुके हैं. विराट कोहली 74 गेंद में 4 चौकों के साथ 34 रन पर हैं. भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 340 रन पीछे है. टीम इंडिया का स्कोर दो विकेट पर 119 रन हो गया है. विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के बीच 110 गेंद में 68 रनों की साझेदारी हो चुकी है. जायसवाल 94 गेंद में 61 रनों पर खेल रहे हैं. उनके बल्ले से अब तक 9 चौके आए हैं. साथ में विराट कोहली 59 गेंद में तीन चौकों के साथ 23 रन पर हैं. यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक जड़ दिया है. जायसवाल 88 गेंद में 60 रनों पर खेल रहे हैं. उनके बल्ले से अब तक 9 चौके आए हैं. साथ में विराट कोहली 47 गेंद में तीन चौकों के साथ 21 रन पर हैं.

### इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज चौथे नंबर पर

# 2024 के टॉप गूगल ट्रेंड में रहा टी-20 वर्ल्ड कप, हार्दिक-शशांक भारत में टॉप एथलीट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

2024 में आईसीसी का मेंस टी-20 वर्ल्ड कप गूगल ट्रेंडिंग लिस्ट के टॉप-5 में शामिल रहा। कोपा अमेरिका और यूरो कप के बाद लोगों ने सबसे ज्यादा आईसीसी टूर्नामेंट को ही सर्च किया। भारत और इंग्लैंड के बीच जनवरी-फरवरी में हुई टेस्ट सीरीज ट्रेंडिंग में चौथे नंबर पर रही। 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून के दौरान खेला गया। भारत ने सभी मैच जीते और फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर गूगल की ट्रेंडिंग लिस्ट को शेयर किया। जिसमें टी-20 वर्ल्ड कप और इंडिया-इंग्लैंड सीरीज शामिल रही। फुटबॉल के 2 टूर्नामेंट टॉप पर रहे अमेरिकन देशों के बीच होने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट कोपा अमेरिका कप इस साल सबसे ज्यादा सर्च किया गया। अमेरिका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में अर्जेंटीना ने कोलंबिया को 1-0 से फाइनल हराकर खिताब जीता था।




यूरोपियन देशों में होने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो कप गूगल ट्रेंड में दूसरे नंबर पर रहा। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। टूर्नामेंट जर्मनी में हुआ था। फुटबॉल के दोनों ही टूर्नामेंट जून-जुलाई में खेले गए, 15 जुलाई को ही दोनों के फाइनल भी हुए। भारत ने 17 साल बाद जीता था टी-20 वर्ल्ड कप टॉप ट्रेंडिंग में टी-20 वर्ल्ड कप तीसरे नंबर पर रहा। भारत टूर्नामेंट में अजेय रहा। टीम ने पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में टीम ने साउथ अफ्रीका को हराया और 17 साल बाद खिताब जीता, टीम ने इससे पहले 2007 में पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। टॉप-5 प्लेयर्स सर्च में कोई भारतीय नहीं ओलिंपिक में जेंडर विवाद के कारण ट्रोलिंग झेलने वालीं अल्जीरिया की बॉक्सर इमैन खलीफ प्लेयर्स में सबसे ज्यादा सर्च की गईं। बॉक्सर माइक टायसन दूसरे और जैक पॉल पांचवें नंबर पर रहे। सर्च लिस्ट में स्पेन के युवा फुटबॉलर लामिन यमाल तीसरे और अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स चौथे नंबर पर रहीं।

### ज्यादा सर्च किए गए दो बल्लेबाज

हार्दिक और शशांक टॉप-10 प्लेयर्स सर्च में शामिल भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शशांक सिंह 2024 में सबसे ज्यादा सर्च किए गए टॉप-10 एथलीट्स में शामिल रहे। हार्दिक 7वें और पंजाब किंग्स के बैटर शशांक 9वें नंबर पर रहे। हार्दिक टीम मुंबई इंडियंस के कप्तान बनने के बाद ट्रोलिंग का शिकार हुए। फैन्स ने स्टेडियम और सोशल मीडिया पर हूटिंग की। हार्दिक ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। फाइनल के आखिरी ओवर में 15 रन डिफेंड किए। पत्नी नताशा स्टेनकोविक से तलाक भी हो गया। हार्दिक पंड्या ने टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतकर अपने आलोचकों का मुंह बंद किया था। हार्दिक पंड्या ने टी-20 वर्ल्ड कप का टाइटल जीतकर अपने आलोचकों का मुंह बंद किया था। वहीं शशांक ऑक्शन में पंजाब ने पहले कहा कि उन्होंने शशांक को गलती से खरीदा। बाद में टीम ने कहा, वह इसी शशांक को खरीदने वाले थे। शशांक ने 14 मैच में 164 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए। टीम ने कोलकाता के खिलाफ 262 रन का आईसीसी इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट हासिल किया। शशांक ने 28 गेंद पर 68 रन बनाए और विनिंग शॉट भी खेला। पंजाब किंग्स ने आईसीसी ऑक्शन से पहले 2 ही प्लेयर्स रिटेन किए। शशांक सिंह इनमें शामिल रहे। पंजाब ने 2025 ऑक्शन से पहले 2 ही प्लेयर्स रिटेन किए। शशांक सिंह इनमें शामिल रहे। टॉप-10 ट्रेंडिंग टीम में एक भी भारत की नहीं सबसे ज्यादा सर्च की गईं स्पोर्ट्स टीमों में भारत और क्रिकेट की एक भी टीम नहीं रही।

### विजय हजारे ट्रॉफी

# राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश को 2 विकेट से हराया



**मुंबई, एजेंसी**

तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी (67 पर 4), अजय सिंह कूकना (71 पर 3) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिजीत तोमर (76) की अर्धशतकीय पारी से राजस्थान ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप-बी मैच में हिमाचल प्रदेश को 2 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राजस्थान के कप्तान महिपाल लोमरोर ने टॉस जीत पहले फील्डिंग चुनी। राजस्थान ने हिमाचल को 286 रन के स्कोर पर रोक दिया। जवाब में राजस्थान ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट पर 287 रन बना कर जीत हासिल कर ली।

## कृष्णा व अमूल्य के दम से जीता गोवा

**जयपुर.** टूर्नामेंट के ग्रुप-ए मैच में गोवा ने मणिपुर को 171 रन से हराया। गोवा ने कृष्णामूर्ति सिद्धार्थ (101) और विकास सिंह (95) की पारियों से 49.5 ओवर में 298 रन बनाए। जवाब में मणिपुर की टीम 34.2 ओवर में 127 रन पर ढेर हो गई। अमूल्य ने 20 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि दीपराज गांवकर ने दो और अर्जुन तेंदुलकर व विजेश ने एक-एक विकेट लिए। अन्य मैचों में गुजरात ने असम को 8 विकेट से, हरियाणा ने झारखंड को 64 रन से हराया। राजस्थान की ओर से ओपनर राम चौहान (46) और अभिजीत तोमर ने 109 रन की साझेदारी निभाई। अपूर्व वालिया ने 21वें ओवर में इस साझेदारी को तोड़ा। राजस्थान की ओर से दीपक हुड्डा ने 38 और कप्तान लोमरोर ने 36 रन का योगदान किया। अब राजस्थान का सामना शनिवार को मेघालय से होगा।



## मेट्रो बाजार

# असंगठित क्षेत्र में एक साल में बढ़े 1.10 करोड़ रोजगार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

संगठित क्षेत्र में नई नौकरियां यानी फॉर्मल हायरिंग में अक्टूबर 2024 में भारी गिरावट आई, जिससे फॉर्मल लेबर मार्केट में सुस्ती का संकेत मिलता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़ने वाले नए सब्सक्राइबर्स की संख्या अक्टूबर में 20.8 फीसदी घटकर 7.5 लाख रह गई, जो 7 महीनों में सबसे कम है। सितंबर में यह संख्या 9.47 लाख थी। 7.5 लाख नए ईपीएफ सब्सक्राइबर्स में से 18-25 वर्ष के युवाओं की हिस्सेदारी घटकर 58.5 फीसदी यानी 4,38,700 रह गई, जो सितंबर में 59.94 फीसदी यानी



5,67,700 थी। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, ईपीएफओ के नए सब्सक्राइबर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी सितंबर के 26.1 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर में 27.9 फीसदी हो गई। अक्टूबर में नेट पेरोल एडिशन- जिसे नए सब्सक्राइबर्स, सदस्यों के बाहर होने और पुराने सब्सक्राइबर्स की वापसी के आधार पर तय किया जाता है 13.4 लाख रही, जो सितंबर में 14.1 लाख से लगभग 5फीसदी कम है। पेरोल डेटा के मुताबिक, अक्टूबर में 13 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकल गए और बाद में फिर से शामिल हो गए। वहीं, प्राइवेट एजेंसी सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआइई) के मुताबिक, अक्टूबर में श्रम बाजार की स्थिति खराब रही। बेरोजगारी दर सितंबर के 7.8 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर में 8.7 फीसदी हो गई। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र में महिलाओं के स्वामित्व वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 2022-23 के 22.9त्न से बढ़कर इस साल 26.2 फीसदी हो गई है। यानी महिला उद्यमियों की संख्या में 14 फीसदी का उछाल आया है। इससे व्यवसाय में महिलाओं की बढ़ती रूचि और दबदबे का पता चलता है।

# जनवरी में खाद्य कीमतें घटीं तो फरवरी में ब्याज दरें घटेंगी!

### डॉलर में तेजी आने से रुपया दबाव में

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति जनवरी में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने पर फरवरी में ब्याज दरों में कटौती पर विचार कर सकती है।
आइसीआइसीआइ बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य कीमतों में गिरावट आने पर आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए आरबीआइ नीतिगत दरों में ढील देने का रास्ता अपना सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि लोगों को नए साल में खाने-पीने के चीजों की महंगाई के साथ ऊंचे ईएमआइ से भी राहत मिल सकती है। आरबीआइ की और से रेपो रेट घटाने के बाद बैंक भी अपना कर्ज सस्ता कर सकते हैं और लोगों के होम-कार लोन की ईएमआइ घट सकती है। आरबीआइ एमपीसी के मिनट्स से पता चला कि इसके दो सदस्यों ने रेट कट की वकालत की है। अमरीकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और डॉलर में तेजी से रुपया पर दबाव है, जो आगे भी जारी रह सकता है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया कि महंगाई बढ़ने की रफ्तार नरम पड़ने से आरबीआइ ने 2025 में दरों में कटौती का संकेत दिया है। हांलाकि, ट्रंप की नीतियों में अनिश्चितता के कारण ब्याज दरों में कटौती का समय प्रभावित हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा आर्थिक माहौल जटिल है। इसके चलते वैश्विक और घरेलू कारक मौद्रिक नीति निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। रुपए को गिरावट से बचाने के लिए आरबीआइ ने अक्टूबर में 3.80 लाख करोड़ रुपए (44.5 अरब डॉलर) खर्च किए। नवंबर और दिसंबर में यही ट्रेंड देखने को मिल सकता है, क्योंकि रुपए में गिरावट जारी है और आरबीआइ भारतीय मुद्रा को संभालने के लिए फॉरेक्स मार्केट में डॉलर की बिक्री कर रहा है। आरबीआइ बुलेटिन के मुताबिक, अक्टूबर में

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# 'सिंघम अगेन' फ्लाप, पुलिस यूनिवर्स पर टूटा रोहित का भरोसा, अब बनाएंगे बायोपिक

अभिनेता जॉन अब्राहम की अगली फिल्म को लेकर खबर आ रही है। कहा जा रहा है कि वे परदे पर पुलिस अधिकारी की भूमिका अदा करने वाले हैं। जॉन अब्राहम ने खुद को इंडस्ट्री में एक्शन हीरो के रूप में स्थापित किया है। इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनकी फिल्म वेदा रिलीज हुई। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब उनके हाथ एक बायोपिक लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जॉन अब्राहम परदे पर एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ सकते हैं। यह फिल्म भारतीय पुलिस अधिकारी राकेश मारिया की बायोपिक है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि राकेश मारिया के जीवन पर बायोपिक बनाई जा रही है। इसमें 1993 के मुंबई बम विस्फोट, जावेरी बाजारा विस्फोट और 26/11 हमलों को सुलझाने के उनके सफर को दिखाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, राकेश मारिया मुंबई पुलिस के इतिहास में सबसे मशहूर पुलिसकर्मियों में से एक रहे हैं। उन्होंने 1981 से 2017 तक अपने कार्यकाल के दौरान मुंबई में हुए कई आतंकी हमलों के पीछे के जिम्मेदार गुनहगारों को पकड़ने के लिए में अहम भूमिका निभाई, वे महत्वपूर्ण मिशन का हिस्सा रहे।

### अगले साल शुरू होगी शूटिंग

कहा जा रहा है कि इस किरदार को परदे पर अदा करने के लिए जॉन अब्राहम काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि राकेश मारिया ने जिस श्रद्धा और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा की है, यह फिल्म उनकी इसी विरासत को एक श्रद्धांजलि होगी। रिपोर्ट्स में तो यह भी दावा किया गया है कि फिल्म की शूटिंग साल 2025 के छमाही में शुरू होगी। फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इसे इंडस्ट्री के नामी निर्माता बनाएंगे। इस फिल्म में राकेश मारिया के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (ट्रैफिक) से लेकर होम गार्ड्स के महानिदेशक बनने तक का सफर दिखाया जाएगा। राकेश मारिया की बायोपिक से इतर जॉन की दो फिल्में रिलीज को तैयार हैं। वे दिनेश विजान की 'तेहरान' और भूषण कुमार की 'डिप्लोमैट' में दिखाई देंगे।

# *आज बर्थ-डे:* किसी को सलमान खान की दोस्ती पर नाज, कोई चुलबुली हरकतों पर फिदा



सलमान खान 1988 में 'बीवी हो तो ऐसी' से करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, बतौर मुख्य अभिनेता सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया थी, जो 1989 में रिलीज हुई। 27 दिसंबर 1965 में जन्मे सलमान खान आज अपना 59वां जन्मदिन मना रहे हैं। सलमान खान के लिए शिल्पा कहती हैं, अच्छी दोस्ती में कुछ चीजें नहीं बदलतीं। मुझे लगता है कि वह नहीं बदले हैं और न ही मैं। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं, इसलिए दोस्ती वैसी ही रहती है। यह अद्भुत है। वह मुझसे कुछ भी कह सकते हैं और मैं भी उनसे बहुत कुछ कह सकती हूं। मैं उनकी सफलता से बहुत खुश हूं। हम दोनों ने अपने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, इसलिए हम दोनों एक-दूसरे की सफलता और जीवन में अपनी स्थिति से बहुत खुश हैं। माधुरी दीक्षित कहती हैं, मुझे सलमान की पिछली फिल्में जैसे साजन, अंदाज अपना अपना, हम आपके हैं कौन बहुत पसंद आई थीं। अब मैं सलमान को बिल्कुल अलग रूप में देखती हूं। पहले वे बहुत शरारती थे, लेकिन आज वे ज्यादा शांत हैं और अच्छा काम करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे ज्यादा प्रतिबद्ध हैं। जब आप उन्हें चुलबुल पांडे का किरदार निभाते हुए देखते हैं तो वे उसमें एक अलग मैच्योरिटी लाते हैं। मुझे उनका डांस भी बहुत पसंद है। पहले वे सिर्फ डांस करते थे, लेकिन अब उनका अपना स्टाइल और स्वैगर है, जो वाकई कमाल का है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे सलमान के साथ एक मसाला एंटरटेनर फिल्म करना चाहती हैं, बशर्ते उन्हें ऐसा करने का मौका मिले।

# गोविंदा-सुनीता का रिश्ता है बेहद खास, बोलीं- *विश्वास नहीं होता तू मेरा पति...*



गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा का रिश्ता बेहद खास है। एक इंटरव्यू के दौरान सुनीता ने बताया कि उनके रिश्ते में किस तरह से मस्ती-मजाक वाली गली-गलौज शामिल है और कैसे उन्होंने अपने रिश्ते की शुरुआत में ही गोविंदा के परिवार को अपने पक्ष में करने के लिए खुद को ढाल लिया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान गोविंदा के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ, सुनीता ने अपनी शादी के बारे में बात की, और इस बारे में आश्चर्यजनक और मजेदार किस्से बताए कि वह और गोविंदा एक-दूसरे के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। मीडिया रोपोर्ट्स के अनुसार, गोविंदा बॉलीवुड के हीरो नंबर वन हैं। हीरो नंबर वन ने कई फिल्मों में महिला सह-कलाकारों के साथ काम किया है। ऐसे में जब गोविंदा की पत्नी से इस बारे में उनकी भावनाओं के बारे में पूछा गया तो सुनीता ने कहा, आज तक भी नहीं लगता कि हम पति-पत्नी हैं। आगे सुनीता ने कहा, गलियां गलोच चलती हैं हमारी। सुनीता के अनुसार, वह अक्सर मजाक में सवाल करती हैं कि क्या गोविंदा वास्तव में उनके पति हैं। सुनीता कहती है, मुझे आज तक विश्वास नहीं हो रहा है तू मेरा पति है। सुनीता ने अपने शुरुआती सालों का एक किस्सा भी शेयर किया, जब उन्होंने गोविंदा की मां की पसंद का सम्मान करने के लिए मिनीस्कर्ट पहनना छोड़ कर साड़ी पहनना शुरू कर दिया था। सुनीता ने कहा, उन्होंने याद किया कि गोविंदा ने उन्हें सलाह दी थी, ऽमेरी मां को नहीं जमेगा...मैंने बोला ठीक है साड़ी पहन लेते हैं कि फरक पड़ेगा। हुक या क्रूक पटाना तो था।

### जीआरपी ने दर्ज की चोरी की एफआईआर, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही

# ट्रेन में दर्जन भर यात्रियों के पर्स, मोबाइल समेत, बैग चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में लगातार चोरियों की वारदात बढ़ रही है। जीआरपी ने गत चौबीस घंटे के भीतर चोरी की दर्जनभर एफआईआर दर्ज की है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रेनों में चोरी वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह सक्रिय है, जो मोबाइल और पर्स समेत अन्य सामान चुरा रहा है।

गिरोह तक पहुंचने जीआरपी रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा मुखबिर तंत्र भी बढ़ा दिया है।

जीआरपी के अनुसार दिल्ली निवासी आशुतोष कुमार शुक्ल ने शिकायत करते हुए बताया कि 25 दिसंबर को वह इंदौर-भोपाल एक्स के कोच एस 3 पर इंदौर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे।

यात्रा के दौरान उन्होंने अपना पिट्ठू बैग सिर के बगल में रख दिया। जब नींद खुली तो भोपाल रेलवे स्टेशन आने वाला था। उन्होंने कोच में पिट्ठू बैग की तलाश की, लेकिन बैग नहीं मिला। बैग में बीस हजार रुपए का मोबाइल दवाइंया, मोबाइल चार्जर, 16 सौ रुपए की नगदी थी।



### वकील का ट्रेन में पर्स चोरी

ग्वालियर निवासी अमीन खान ने शिकायत करते हुए बताया कि वह ऐपी एक्सप्रेस कोच नंबर बी -1 में चढ़ रहे थे। गेट से अंदर जाते समय किसी ने उनकी पेंट की पीछे वाली जेब से पर्स निकाल लिया। वह अपनी सीट पर पहुंचे तो उन्हें पर्स नहीं मिला। पर्स में साढ़े तीन हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा कोर्ट फीस, स्टांप टिकट ढाई हजार रुपए के और आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, एडवोकेट की आईडी ,दो एटीएम कार्ड एसबीआई बैंक एवं यूनियन बैंक के थे बाइक का मूल रजिस्ट्रेशन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज थे।

### मोबाइ और पर्स में रखे साढ़े तीन हजार रुपए चोरी

बैतूल निवासी आयुष साहू ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह बैतुल से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। बाद में उन्हें राजकोट जाना था।ट्रेन नहीं होने के कारण रात में वह मुसाफिर खाना में सो गए। जब उनकी नींद खुली तो पेंट की जेब में रखा मोबाइल नहीं था।

यहां वहां तलाश की गई, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। मोबाइल के कवर के अंदर साढ़े तीन हजार रुपए की नगदी थी। उनके साथ मोबाइल समेत करीब पंद्रह हजार रुपए की चोरी हुई है।

### टिकट लेते समय पर्स से मोबाइल चोरी

रानीसती नगर निर्माण नगर जिला जयपुर राजस्थान निवासी तरु बंसल ने शिकायत करते हुए बताया कि 25 दिसंबर को वह जयपुर जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची। उन्होंने अपना मोबाइल लेडिज पर्स में रखा था। प्लेटफार्म नंबर-6 के मुसाफिर खाना में वह टिकट विंडो पर टिकिट लेने लगी। टिकिट लेकर देखा तो मेरे बैग का हुक टुटा हुआ था। उसमें रखा उनका मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है।

## सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में गुरुवार रात एक सिक्योरिटी गार्ड ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। आज पीएम के बाद पुलिस मृतक के परिजन के बयान दर्ज करेगी। एसआई शिवेंद्र मिश्रा ने बताया कि राहुल यादव पिता बलवीर यादव ( 30 ) शिव नगर फेस- थ्री छोला मंदिर में रहता था। राहुल हमीदिया अस्पताल में सिक्योरिटी एजेंसी में बतौर सिक्योरिटी गार्ड था। उसकी करीब पांच साल पूर्व शादी हुईथी। वह परिवार के साथ यहां रह रहा था। गुरुवार रात करीब आठ बजे राहुल ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। फांसी के फंदे पर राहुल को लटके देख परिजन ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए मोर्चरी भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जाता है कि राहुल को दो छोटे भाई है। उसकी शादी के पांच साल बाद भी संतान नहीं हुईथी। इस बात को लेकर वह दुखी रहता था।

## बदमाशों में विवाद, चाकू से हमला नाक काटी

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में एक युवक के साथ तीन युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। चाकू नाक पर लगने से युवक की नाक कट गई। फरियादी और आरोपी पक्ष दोनों ही आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पुलिस के अनुसार चांदबढ़ निवासी आकिब उर्फ बच्चा प्राइवेट का काम करता है और क्षेत्र का पुराना बदमाश है। बुधवार रात 8 बजे वो घर जा रहा था, तभी क्षेत्र के अन्य तीन बदमाश सद्दू, फरहान और मूसा ने उसे रोक लिया। उनके बीच पुरानी रंजिश को लेकर बातचीत होती रही फिर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान बदमाशों ने आकिब पर चाकू से हमला किया। चाकू नाक के पास लगने से उसकी नाक कट गई। उसे लहूलुहान स्थिति में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने आकिब के बयान दर्ज किए। इसके बाद वह अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के बयान के आधार पर सद्दू, फरहान और मूसा पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## घर से लापता 8 साल के बालक को डायल 100 ने तलाशा




**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाला आठ साल का एक बालक घर से लापता हो गया। आधी रात को सूचना मिलने के बाद डायल 100 स्टाफ ने उसे कुछ ही देर में तलाश लिया और पहचान के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक एक मंदिर के पास सोता हुआ मिला था। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर की रात करीब पौने दो बजे राज्यस्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि ग्राम कनेरा थाना ईंटखेड़ी में रहने वाला 8 साल का एक बालक घर से लापता हो गया है। सूचना के बाद इलाके में तैनात एफआरवी को तत्काल मौके पर भेजा गया। डायल 100 पर तैनात हेड कांस्टेबल अरविंद जाट, वाशे खान और पायलेट हरीसिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि शाम के समय बालक लापता है, जिसकी कोई सूचना नहीं मिल रही है। बालक के संबंध में जानकारी हासिल करने के बाद पुलिस स्टाफ ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ समय बाद गांव के एक मंदिर के पास एक बालक सोता हुआ मिला। पुलिस ने सत्यापन के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस जवानों ने बालक और उसके घरवालों को बच्चों की देखभाल के लिए समझाईश भी दी।

## 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया प्राचार्य




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोकायुक्त पुलिस की भोपाल टीम ने शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मुगालिया छाप नीलबड़ के प्राचार्य को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। उसके खिलाफ मुंबई की फूड्स कंपनी के संचालक ने शिकायत की थी। आरोपी प्राचार्य मेस के दो महीने के बिलों का भुगतान करने के लिए उक्त रिश्वत की राशि मांग रहा था। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गौरव शर्मा मुंबई में रहते हैं और कनका फूड्स प्रायवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाते हैं। गौरव शर्मा ने शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मुगालिया छाप नीलबड़ भोपाल में संचालित मेस के लंबित दो महीने के बिलों के भुगतान के एवज में प्राचार्य ने प्रति बिल 50000 रुपए की मांग की थी। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संभाग भोपाल द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाई जाने पर धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। गुरुवार को टीम गठित कर आरोपी प्राचार्य विजय सिंह महोबिया को पंच साक्षियों के समक्ष शिकायतकर्ता से 50,000 रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। ट्रैप दल के संजय शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीम के साथ कार्यवाही की जा रही है। ट्रैप दल में मुकेश पटेल, बृजबिहारी पाण्डेय, अवध वाथवी और राजीव तिवारी शामिल रहे।

## आटो चालक पर युवक ने किया छुरी से हमला

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में एक लड़के ने आटो चालक पर शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर किचन से चाकू उठाकर हमला कर दिया। हमले में आटो चालक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी और चाकूबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। हमला करने वाला नाबालिग बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुंदन उर्फ कुनील ( 36 ) पुराना सचिवालय के पास थाना कोहेफिजा में रहता है और सवारी आटो चलाता है। बाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद में रहने वाला उसका एक दोस्त जेल में बंद है। बुधवार दोपहर कुंदन दोस्त के घर पहुंचा और उसे जेल से छुड़ाने को लेकर उसकी पत्नी से बातचीत करने लगा। इसी बीच दोस्त का लड़का आया और शराब पीने के लिए कुंदन से पैसों की मांग करने लगा। कुंदन ने बोला कि बच्चे शराब नहीं पीते हैं तो वह गाली-गलौज करने लगा। कुंदन ने जब उसे गाली देने से मना किया तो लड़का अंदर गया और किचन से चाकू लाकर उस पर हमला कर दिया। चाकू कुंदन के कान के नीचे गर्दन और हाथ की कलाई के पास लगा, जिससे खून निकलने लगा। चिल्लाचोट सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया। इस दौरान लड़का धमकी देते हुए वहां से भाग निकला।

## पिपलानी में अवैध गैस कारोबार का भंडाफोड़



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी पुलिस ने इलाके में चल रहे अवैध गैस के कारोबारा का भंडाफोड़ किया है। घटनास्थल से पुलिस ने 50 अवैध गैस सिलेंडर भी जब्त किए हैं। आरोपी काफी समय से घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडर में गैस भरकर व्यवसाय कर रहा था।

आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि गुप्ता कालोनी में रहने वाला एक व्यक्ति अवैध रूप से गैस रिफलिंग का काम करता है। सूचना के बाद पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची तो एक व्यक्ति मकान के कमरे में मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दिनेश परमार पुत्र गोरीलाल परमार ( 48 ) निवासी गुप्ता कालोनी आनंदनगर थाना पिपलानी बताया। दिनेश के कमरे से भारत, इंडेन और एचपी कंपनी के कुल छोट-बड़े 20 गैस सिलेंडर, गैस भरने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने गैस रिफिल करने के संबंध में वैध लायसेंस मांगा तो उसके पास नहीं मिला। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ईसी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। जब्त हुए गैस सिलेंडर में भरे और अधभरे हुए थे।

### सड़क क्रास कर रहे युवक को मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा स्थित लालघाटी चौराहे पर सड़क क्रास कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ज्योति जोशी (42) सावन नगर हलालपुरा बस स्टैंड के पास रहती हैं और गृहणी हैं। दो दिन पहले वह अपने पति संदीप जोशी के साथ दुर्गा मंदिर लालघाटी आई थी।

**मेट्रो एंकर** कर्मचारी रखने और उसका चरित्र सत्यापन नहीं कराने पर कार्यवाही

# मेडी स्कैन सेंटर के संचालक पर एफआईआर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मालवीय नगर स्थित मेडी स्कैन सेंटर का संचालन करने वाले संचालक प्रशांत शर्मा पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कर्मचारी को सेंटर पर नौकरी देने और थाने में उसका ब्यौरा नहीं देने पर उक्त एफआईआर की गई है। पुलिस के अनुसार प्रशांत शर्मा ने तीन महीने में भी सेंटर पर काम करने वाले 19 साल के विशाल ठाकुर का पुलिस थाने में चरित्र सत्यापन नहीं कराया था।




उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर गुरुवार दोपहर एक युवक अपनी पत्नी को एमआरआई कराने के लिए मेडी स्कैन सेंटर पहुंचा था। एमआरआई से पूर्व वह पत्नी को चेंजिंग रूम में लेकर पहुंचा, वहां पत्नी ने अपने कपड़े बदले और गाउन पहना। चेंजिंग रूम में लगी फाल सिलिंग पर युवक की नजर पड़ी तो उसे होल्डर के पास मोबाइल का कैमरा नजर आया। वह ऊपर चढ़ा और मोबाइल निकाल लिया। जिस समय उसने मोबाइल निकाला गया उस समय मोबाइल पर वीडियो रिकार्डिंग चल रही थी। चेक करने पर पता चला कि 27 मिनट कुछ सेकंड का वीडियो रिकार्ड हो चुका है। युवक ने उक्त मोबाइल अरेरा हिल्स पुलिस को सौंपा था।

पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए वार्ड ब्वाय विशाल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। तीन महीने पहले मिली थी नौकरी पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मेट्रो में गार्ड की नौकरी करने वाले विशाल को तीन महीने पहले ही नौकरी पर रखा गया था। नियमानुसार संस्थान में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। बावजूद इसके संचालक प्रशांत शर्मा ने तीन महीने में विशाल का चरित्र सत्यापन थाने में नहीं करवाया था। फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था मोबाइल थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बताया कि विशाल ठाकुर के जब्त मोबाइल में केवल एक ही वीडियो 27 मिनट कुछ सेकंड का मिला था। मोबाइल सील कर फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। फॉरेंसिक की अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट में मिलने पर पता चल सकेगा कि मोबाइल में कुल कितने वीडियो बनाए गए थे।

### ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में काम के दौरान करंट लगने से हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही पूर्वक काम कराने का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार राजेश पुत्र लखनलाल (28) टीटी नगर में रहता था और मजदूरी करता था। पिछले साल वह न्यू मार्केट स्थित बिल्डिंग में काम करने पहुंचा था। 20 जून 2023 को वह बिल्डिंग में हैमर मशीन चल रहा था, तभी उसे बिजली का करंट लग गया। ठेकेदार मुन्नालाल गौंड उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। मर्ग जांच के दौरान पता चला कि ठेकेदार मुन्नालाल गौंड ने काम के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध करवाए थे, जिसके चलते यह घटना हुई थी। इस पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में जमकर खाया, बिल को लेकर विवाद, नकली पिस्टल दिखाकर धमकाया

**फुटेज में नकली पिस्टल लेकर धौंस दिखाते नजर आया युवक, रातीबड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ के हंग्री हट रेस्टोरेंट में बुधवार रात डिनर करने पहुंचे लोग उस समय दहशत में आ गए जब एक युवक के हाथ में पिस्टल देख ली। युवक हाथ में पिस्टल लिए रेस्टोरेंट में घूम रहा था और वहां के कर्मचारियों को धौंस दे रहा था। दरअसल, वह अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट पर खाना खाने गया था। जब बिल देने का मौका आया तो वह भड़क गया। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक की शिकायत पर आरोपी



युवक के खिलाफ अड़ीबाजी और गालीगलौज, जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार राहुल मिश्रा अरेरा कॉलोनी में रहते हैं और नीलबड़ में हंग्री हट नाम से रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात रेस्टोरेंट में परिवार के लोग डिनर कर रहे थे। इस दौरान वहां मुकुल रघुवंशी नामक युवक अपने दोस्तों के साथ आया। उसने वेटर को आर्डर दिया और दोस्तों के साथ बैठकर डिनर किया। रात करीब साढ़े 11 बजे बिल देने का समय आया तो वह भड़क गया। उसका और दोस्तों का कुल 5 हजार 992 रुपए का बिल हुआ था। पिस्टल दिखाई, वेटर ने बंद किए गेट बिल की बात को लेकर वह भड़क गया और वेटरों को धमकाने लगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022